डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
10 जून 2024 सोमवार

आज का मौसम
39 अधिकतम
28 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

## शाम को पहली कैबिनेट बैठक में भी वंचित वर्ग से जुड़े दो खास विषय

# चुनाव के मुद्दे रडार पर, किसानों की फाइल पर पीएम के पहले दस्तखत

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने पद की तीसरी बार शपथ लेने के लगभग 16 घंटे बाद आज सुबह नए कार्यकाल की अपनी पहली फाइल पर हस्ताक्षर किए तथा नई सरकार की प्राथमिकता के क्षेत्र की तरफ भी इशारा कर दिया। इसमें किसान और वंचित वर्ग के लोगों की सुध शामिल है। मोदी ने किसान निधि सम्मान योजना के तहत 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित किये। बताया जाता है कि पीएम मोदी ने पीएम किसान निधि सम्मान योजना की 17वीं किस्त से जुड़ी फाइल पर साइन किए। यह राशि देश के 9.3 करोड़ किसानों को मिलेगी। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के प्रति पूरी तरह से समर्पित है। इसलिए ये वाजिब था कि पहली फाइल जिस पर साइन किया जाना है, वह किसानों के कल्याण से जुड़ी हुई हो। हम आने वाले समय में किसानों के लिए और कृषि सेक्टर के लिए अधिक से अधिक काम करना चाहते हैं।

दरअसल मोदी कैबिनेट आज हो रही बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो अहम फैसले लेने जा रहा है। बताया जाता हैं कि पहली बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत दो करोड़ अतिरिक्त घरों को मंजूरी मिलेगी। वहीं, दूसरे बड़े फैसले के तहत इस योजना में लाभार्थियों को दी जाने वाली सहायता में करीब 50 फीसदी की वृद्धि की जा सकती है।



### चुनाव में मुद्दे गूंजे थे

दरअसल लोकसभा चुनाव केदौरान किसानों की समस्याओं से लेकर गरीबों की जरूरत को विपक्ष ने बड़ा मुदा बनाने की कोशिश की थी। माना जा रहा है कि चुनाव के नतीजों और जनता का मन देखकर मोदी सरकार अब उन मामलों में प्राथमकता देगी जो जनता की जरूरत से सीधे जुडे हैं।

### मंत्रियों के विभागों पर सस्पेंस, आज होगा खत्म

मोदी कैबिनेट के मंत्रियों को आज शाम तक विभाग वितरण हो सकता है। माना जा रहा है कि इस पर पीएम मोदी व गठबंधन दलों की चर्चा कल ही हो चुकी है। भाजपा के पास तमाम महत्वपूर्ण विभाग रहने की संभावना व्यक्त की जा रही है। हालांकि जद यू और टीडीपी के मंत्रियो को कुछ वजनदार विभाग दिये जायेंगे। इधर एनसीपी के अजित पवार गुट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाली नई एनडीए सरकार में प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार के राज्य मंत्री के पद का ऑफर ठुकरा दिया है, पवार के कैबिनेट मंत्री पद के लिए अड़ने से भाजपा के समक्ष असमंजस की स्थिति है।

## 'मंत्री' शिवराज ने रोपा पौधा, बोले-भावविभोर हूं



**मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और विदिशा से लोकसभा सांसद शिवराज सिंह के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद आज दिल्ली में स्वजनों के साथ मध्यप्रदेश भवन के पास चंपा का पौधा रोपा। मीडिया से बातचीत में शिवराज ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में बेहतर से बेहतर करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि अपने जीवन का दिन महत्वपूर्ण नहीं है। महत्वपूर्ण यह है कि हम अपने देश के लिए कितना जीते हैं और क्या कर पाते हैं। शिवराज ने कहा - मैं भाव विभोर हूं, अपने महान राष्ट्र की सेवा करने का अवसर मुझे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिया है।**

## कल शपथ, आज मंत्री पद छोड़ने की पेशकश



इधर केरल से भाजपा के पहले सांसद सुरेश गोपी ने पद छोड़ने की पेशकश कर दी है। उन्होंने केंद्रीय राज्य मंत्री के रूप में कल रात ही शपथ ली थी। दिल्ली में एक क्षेत्रीय चैनल से बात करते हुए, उन्होंने कहा कि उन्होंने मंत्री पद नहीं मांगा है और उन्हें उम्मीद है कि उन्हें जल्द ही पद से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने वजह बताते हुए कहा कि मैंने फिल्में साइन की हैं और उन्हें करना है। सुरेश गोपी ने कहा, 'मैं त्रिशूर के सांसद के रूप में काम करूंगा।' गोपी ने त्रिशूर संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल की और केरल से भाजपा के पहले सांसद के रूप में इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया है। उन्होंने भाकपा उम्मीदवार को हराया। वे कह रहे हैं कि मुझे इस पद की जरूरत नहीं है, मतदाता जानते हैं और एक सांसद के रूप में मैं उनके लिए अच्छा कार्य करूंगा। मुझे किसी भी कीमत पर अपनी फिल्में करनी हैं।

### सेंसेक्स पहली बार 77000 व निफ्टी 23400 पार

# शपथ के बाद आज बाजार नए पथ पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

केंद्र में मोदी सरकार 3.0 के शपथ ग्रहण के बाजार बाजार में सकारात्मक शुरुआत हुई और प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए। पहली बार सेंसेक्स 77000 के पार पहुंच गया। निफ्टी भी पहली बार 23400 के पार पहुंचने में सफल रहा। हालांकि ऊपरी स्तरों से बाजार में बिकवाली दिखी। इससे सुबह 9 बजकर 58 मिनट पर सेंसेक्स 61.05 अंक फिसलकर 76,601.96 पर कारोबार कर रहा था। तो निफ्टी भी 13.31 अंक टूट चुका था। मगर शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स को रिकॉर्ड हाई तक पहुंचाने में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एक्सिस बैंक, पावर ग्रिड, एसबीआई और कोटक महिंद्रा बैंक का सबसे अधिक योगदान रहा। दूसरी ओर, इंफोसिस, टीसीएस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयरों ने इंडेक्स पर दबाव बनाया। दूसरी ओर, इंफोसिस, टीसीएस,



एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा के शेयरों ने इंडेक्स पर दबाव बनाया। शेयर बाजार में लिस्टेड भारतीय अरबपति गौतम अडानी की कंपनियों के शेयरों में आज तेजी देखने को मिली। वहीं मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर भी 1 फीसदी की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था।

# बिना आईडी के तलाक पर फतवा देना अब बैन

**मेरठ, एजेंसी।**

उत्तर प्रदेश के देवबंद स्थित दारुल उलूम ने तीन तलाक पर बिना आईडी के किसी भी सवाल पर फतवा देने पर पाबंदी लगा दी है।तीन तलाक को 30 जुलाई 2019 को अवैध और असंवैधानिक घोषित कर इसे दंडनीय अधिनियम बना दिया गया था। इसके बाद इस्लामी तालीम के प्रमुख केंद्र दारुल उलूम में तीन तलाक पर हालांकि फतवों की संख्या न के बराबर हो गई।इसके बावजूद ऑनलाइन फतवा विभाग से तीन तलाक से संबंधित सवाल पूछे जाते रहे हैं। मोहतमिम मौलाना



मुफ्ती अबुल कासिम नोमानी का कहना है कि बिना आईडी के तीन तलाक पर सवाल पूछने वाले को कोई जवाब नहीं दिया जाता अब वास्तविक आईडी वाले व्यक्ति के सवाल पर ही वाजिब जवाब दिया जाता है। बता दें, कि दारुल उलूम में वर्ष 2005 में ऑनलाइन फतवा विभाग शुरू किया गया। जिससे देश-विदेश से बड़ी संख्या में मुफ्तियों से सवाल पूछे जाने लगे।

## मप्र की अमरवाड़ा विस सीट पर उपचुनाव 10 जुलाई को

**भोपाल।** चुनाव आयोग ने आज बिहार, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 13 विधानसभा क्षेत्रों में रिक्तियों को भरने के लिए उपचुनाव कराने का निर्णय लिया है। इसके अनुसार चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। ये चुनाव आगामी 10 जुलाई को होंगे और मतगणना 13 जुलाई को होगी। मध्य प्रदेश से अमरवाड़ा की सीट पर उपचुनाव होगा। विधानसभा क्रमांक 123 की यह सीट कमलेश प्रताप शाह के इस्तीफे के बाद से रिक्त है। छिंदवाड़ा जिले की अमरवाड़ा विधानसभा सीट से विधायक कमलेश शाह ने पिछले दिनों इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली थी। इसके बाद से यह सीट खाली घोषित कर दी गई थी।

# पाक में भारत का राष्ट्रगान म्यूट किया गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारत और पाकिस्तान के बीच मैच में बीती रात टी20 वर्ल्ड कप में जब दोनों टीमें भिड़ीं तब रोमांच देखते ही बन रहा था। जिसमें भारत ने पाक को हरा दिया। जीती बाजी हारने के बाद पाक में निराशा है।

### हार से हताश

पाकिस्तान के अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने अपने एक लेख को शीर्षक दिया, 'भारत से टी20 वर्ल्ड कप में हार के बाद पाकिस्तान में दिल टूटे.खबार ने लिखा,' चिर-प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली हार के बाद सोमवार को पाकिस्तान के फैंस निराश हो गए। कुछ तो दो मैचों के बाद ही यह मान बैठे हैं कि टी20 वर्ल्ड कप में अब उनके लिए कुछ नहीं बचा है। पाकिस्तानी अखबार ने लिखा कि रविवार को जैसे ही रात हुई, 15,000 दर्शकों की क्षमता वाले रावलपिंडी क्रिकेट स्टेडियम में भीड़ जमा हो गई. यहां एक बड़े स्क्रीन पर न्यूयॉर्क में होने वाले मैच का लाइव प्रसारण किया जा रहा था. दोनों देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता का आलम यह है कि जब मैच से पहले भारत का राष्ट्रगान बज रहा था तब स्टेडियम में स्क्रीन को म्यूट कर दिया गया.अखबार ने आगे लिखा, 'जब बेहद ही रोमांचक मैच में भारत ने पाकिस्तान को छह रनों से हरा दिया तब हताश पाकिस्तानियों ने स्क्रीन पर प्लास्टिक की बोतलें फेंकी. मैच के बाद मोहम्मद हिशाम राजा ने कहा- बल्लेबाजी के कारण पाकिस्तानी टीम की हार हुई।



**एक और लेख में अखबार ने लिखा कि भारत के खिलाफ पाकिस्तान की बल्लेबाजी संघर्ष करती दिखी:** अखबार ने लिखा , 'भारत की पारी 119 रन पर आउट हो गई. बारिश की रुकावट के कारण दोनों टीमों को चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिससे मैच और रोमांचक बन पड़ा. अखबार ने लिखा,' दोनों ही देश क्रिकेट के पावरहाउस हैं लेकिन दोनों देशों के बीच मैच होना दुर्लभ होता है.

# बस पर गोली बरसाने वाले आतंकी जंगल में छिपे, सर्चिंग

**श्रीनगर एजेंसी।** बीती शाम जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में आतंकवादियों द्वारा तीर्थयात्रियों की बस पर हमला के बाद सतर्कता बढ़ा दी गई है। आतंकियों की तलाश में जंगल में सर्चिंग जारी है। यह बस श्रद्धालुओं को लेकर शिवखोड़ी गुफा तीर्थस्थल से कटरा लौट रही थी. हमले के बाद बस गहरी खाई में जा गिरी। इस आतंकी हमले में तीन महिलाएं सहित 10 लोगों की मौत हो गई है, जबकि 32 लोग घायल हैं। बस पर हमले करने वाले आतंकी पहाड़ी इलाके में छुपे हुए हैं। इनकी तलाश के लिये ड्रोन का भी इस्तेमाल किया जा रहा है। ये आतंकी ग्रुप पिछले एक महीने में राजौरी और पुंछ में कई हमले कर चुके हैं। हमले में 2-3 आतंकी शामिल थे। एक पीड़ित और



प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस के खाई में गिरने के बाद भी एक आतंकवादी 20 मिनट तक गोलीबारी की थी।उसने लाल मफलर पहने एक नकाबपोश हमलावर को बस पर गोलियां चलाते देखा।

## एक्सप्रेस वे पर हादसे में चार मौतें, 36 घायल



**गाजीपुर।** पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर आज एक भीषण हादसा हुआ। एक्सप्रेस-वे पर बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास खड़े डंपर में अयोध्या से आ रही बस घुस गई। हादसे में बस में सवार करीब 36 लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनमें अब तक चार के मरने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। घायलों को मऊ और गाजीपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। इस बीच पुलिस टीम की मदद से वाहनों को हाईवे से हटाया गया। साथ ही सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### मेट्रो एंकर

## सब्सक्राइबर्स की बढ़ती संख्या के चलते ट्राई बना रहा फार्मूला....

# अब 10 से ज्यादा डिजिट वाला होगा फोन नंबर!

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

देश में अब मोबाइल नंबर की कुल संख्या 10 से बढ़ाई जा सकती है। इसे 11 से लेकर 13 नंबरों तक किया जा सकता है जो यूजर्स की पहचान करने में अहम मदद कर सकती है। इस दिशा में काम शुरू हो गया है। टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया यानि ट्राई समय के साथ ऐसे बड़े फैसले लेती रही है। लिहाजा अब यह फैसला इसलिये लिया गया है क्योंकि 5g नेटवर्क आने के बाद मोबाइल नंबरिंग में लगातार परेशानी हो रही है। ट्राई ने नेशनल नंबरिंग प्लान को रिवाइस करने का फैसला किया है। इससे पहले साल 2003 में भी ऐसा ही फैसला लिया गया था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सब्सक्राइबर्स की बढ़ती संख्या की वजह से मोबाइल कंपनियों के लिए नया चैलेंज खड़ा हो गया है। सर्विस भी लगातार बढ़ रही हैं तो इसके लिए अलग से नंबरिंग लाने पर विचार किया जा रहा है। नेशनल नंबरिंग प्लान की मदद से टेलीकम्युनिकेशन आइडेंटिफायर की पहचान की जाती है और ये अहम भूमिका निभाते हैं। अब लगातार मोबाइल यूजर्स की संख्या बढ़ती जा रही है। देशभर में 750 मिलियन टेलीफोन कनेक्शन के लिए साल 2003 में नंबरिंग रिसोर्स एलोकेट किया गया था। जबकि 21 साल बाद, नंबरिंग रिसोर्स रिस्क के दायरे में आ गया है। क्योंकि नेटवर्क प्रोवाइडर्स की तरफ से सर्विस में भी लगातार बदलाव किया जा रहा है।



### पहले होते थे तीन नंबर

गौरतलब है कि लैंडलाइन फोन में करीब अस्सी के दशक में महज तीन नंबर हुआ करते थे। इसके बाद यह चार व पांच नंबर से लेकर सात नंबर तक हो गये। हालांकि अब लैंडलाइन फोन के इस्तेमाल में कमी आती जा रही है,क्योंकि मोबाइल फोन का जमाना आ चुका है और बीते दो दशक में लेंडलाइन नंबर के उपभोक्ताओं की संख्या में तेजी से कमी आई है।

### बढ़ रहे कनेक्शन

इसकी वजह से नंबर ऑफ कनेक्शन की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है। भारत में टेलीफोन सब्सक्राइबर्स की संख्या भी लगातार बदलती जा रही है और 31 मार्च तक ये करीब 85 प्रतिशत तक बढ़ गई है। ट्राई ने इसको लेकर अपनी वेबसाइट को भी अपडेट कर दिया है और सभी से इसको लेकर सलाह मांगी है। क्योंकि लंबे समय बाद नेशनल नंबरिंग प्लान में बदलाव किया जा रहा है। लिखित में भी इस पर सलाह दी जा सकती है।

# नर्सिंग घोटाले के विरोध में सड़क पर संघर्ष, वाटर कैनन से खदेड़ा

## युंका का आंदोलन



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

हाल मे सामने आये नर्सिंग घोटाले का विरोध बढ़ने लगा है। आरोपियों की सजा दिलाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस जब सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग के 74 बंगले स्थित निवास का घेराव करने न्यू मार्केट नानके पेट्रोल पंप तिराहे से निकली तो पुलिस ने बैरिकेड्गि करके कांग्रेसियों को रोक लिया। नाराज कांग्रेसी सड़क पर ही प्रदर्शन करने बैठ गए। भाजपा सरकार व नर्सिंग घोटाले के समय चिकित्सा शिक्षा मंत्री रहे विश्वास सारंग को मंत्री पद से हटाने की मांग करते रहे। कांग्रेसियों व पुलिस की बहस भी हुई। पुलिस की समझाइश के बाद भी कांग्रेसी नहीं माने तो पुलिस ने वाटर कैनन का प्रयोग करके कांग्रेसियों को खदेड़ना शुरू कर दिया। पुलिस ने 50 कांग्रेसियों को गिरफ्तार भी किया। इस दौरान कांग्रेसी भाजपा सरकार और मंत्री सारंग के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। युवा कांग्रेस नेता विवेक त्रिपाठी ने कहा कि नर्सिंग घोटाले में तत्कालीन चिकित्सा मंत्री विश्वास सारंग समेत भाजपा नेताओं के बड़े नाम शामिल हैं। अधिकारियों के साथ मिलकर बड़ा घोटाला हुआ है। भाजपा सरकार सभी को बचाने में लगी हुई है। विरोध किया तो पुलिस ने वाटर कैनन चला दी। साथ ही हल्का बल प्रयोग कर गिरफ्तार कर लिया। वहीं युवा कांग्रेस मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष आकाश चौहान ने कहा कि शांति पूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। पुलिस ने बल प्रयोग किया, जिससे कई कार्यकर्ता चोटिल हो गए। इधर युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मितेंद्र दर्शन सिंह ने कहा कि जब तक आरोपितों की गिरफ्तारियां नहीं हो जाती हैं, तब तक प्रदेश में कहीं न कहीं युवा कांग्रेस नर्सिंग घोटाले का विरोध प्रदर्शन करती रहेगी।

# पद का दुरुपयोग व भ्रष्टाचार, बैंक महाप्रबंधक समेत पांच को जेल

### 10-10 हजार रूपए का जुर्माना भी लगाया है

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

पद का दुरुपयोग कर भ्रष्टाचार करने के मामले में विशेष न्यायालय ( भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम ) मनोज कुमार सिंह की अदालत ने जिला सहकारी एवं ग्रामीण विकास बैंक के तत्कालीन महाप्रबंधक अशोक मुखरैया, प्रबंधक विनोद देवल, विक्रय अधिकारी विजेंद्र कौशल, सहकारिता निरीक्षक ए.पी.एस. कुशवाहा एवं फर्जी क्रेता परमजीत बैदी को 3-3 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही आरोपियों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक हेमलता कुशवाहा एवं महेंद्र सिंह दांगी द्वारा पैरवी की गई है।

### यह है पूरा मामला

ग्राम बगौनिया, कल्याणपुर के ग्राम वासियों द्वारा लोकायुक्त को शिकायत की गई थी कि जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक मर्यादित भोपाल अधिकारियों द्वारा ग्राम बरखेड़ा नाथू रातीबड़ में बैंक अधिनियम 1999 के प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए ऋण वसूली न होने पर चल-अचल संपत्ति से ऋण वसूली के लिए बैंक अधिकारियों द्वारा नियम एवं शर्तों को अपनाए बिना मिट्टी के भाव में ग्राम बरखेड़ा नाथू रातीबड तहसील हुजूर जिला भोपाल की लगभग 2.61 एकड़ भूमि मात्र 50 हजार रुपए में षड्यंत्र पूर्ण परमजीत बेदी को कृषि भूमि नीलाम कर दी और वर्ष 2000 से 2007 के मध्य कृषि भूमि की नीलामी कार्यवाही का सिलसिला कई वर्षो से चल रहा है।

## तालाब को बचाने फेंसिंग होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राज्य सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत भोपाल के जलस्त्रोंतों के भी सुध ली जा रही है औेर इन्हें बचाने के लिये दिशा निदेर्हशों का दौर है। शहर के मोतिया तालाब की साफ-सफाई के बाद इसे बचाने के लिये नयी रूपरेखा बनाई जा रही ह। सफाई के दौरान तालाब से कचरा, गाद और मिट्टी आदि को बड़ी मात्रा में निकाला गया। इस मौके पर महापौर मालती राय, निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, एमआईसी सदस्य समेत शहर के कई नागरिकों ने मिलकर तालाब के किनारों पर फैले कचरे को हटाया । महापौर ने तालाबों को स्वच्छ रखने व तालाबों में गंदगी फैलाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए । महापौर ने निगम के अधिकारियों से कहा कि मोतिया तालाब को कचरा मुक्त रखना है तो यहां ऊंची जालियां लगाई जाएं । इससे तालाब कचरा मुक्त रहेगा साथ ही तालाब के कैचमेंट में कोई अतिक्रमण नहीं कर पाएगा। इसके अलावा उन्होंने तालाब में सीधे गंदा पानी बहाने वाले अस्पतालों के विरूद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि शहर के कई तालाब अतिक्रमण व गंदगी की चपेट में हैं। खुद बोट क्लब के किनारे ही दुकानों की बहुतयात से यहां का पर्यावरण बिगड गया है।

# माल्यार्पण के दौरान ननि की हाइड्रोलिक लिफ्ट टूटी, गिरने पर पार्षद घायल

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

एमपी नगर चौराहे पर लगी महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण के दौरान नगर निगम की हाइड्रोलिक लिफ्ट के बकेट के गिरने से एक बड़ा हादसा हुआ । इस हादसे में नगर निगम वार्ड 66 के कांग्रेस पार्षद जितेंद्र सिंह राजपूत और उनके परिजन 20 फीट की ऊंचाई से गिर कर बुरी तरह जख्मी हुए है। जानकारी के अनुसार पार्षद के पैर में फैक्चर हुआ है और उनको उपचार के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं उनके परिजन को भी कई गंभीर चोटें आई हैं। जानकारी के अनुसार भोपाल में महाराणा प्रताप जन्मोत्सव के दौरान यह हादसा दोपहर सवा एक बजे हुआ । निगम के विद्युत शाखा द्वारा हाइड्रोलिक लिफ्ट समारोह के लिए भेजी गई थी। पार्षद जितेंद्र सिंह राजपूत भी अपने मामा ऋषि सिंह राजपूत के साथ हाइड्रोलिक लिफ्ट में सवार होकर ऊपर प्रतिमा तक



पहुंचे। वह माल्यार्पण करने ही वाले थे, तभी हाइड्रोलिक लिफ्ट क्रैक होकर टूट गई और वह दोनों धड़ाम से नीचे आ गिरे। बताया जा रहा है कि पार्षद जितेंद्र सिंह के पैर में फ्रैक्चर है। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं उनके मामा को भी गिरने की वजह से चोट लगी है। जितेंद्र सिंह राजपूत वार्ड 66 से पार्षद हैं।

अब लिफ्ट के बकेट के गिरने की वजह को लेकर अब निगम के अधिकारी अपनी सफाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि हाइड्रोलिक लिफ्ट के बकेट की कैपेसिटी एक व्यक्ति की है, लेकिन उसमें दो लोग चढ़े हुए थे । इसके अलावा लिफ्ट की अधिकतम ऊंचाई 9 मीटर है, लेकिन मशीन आपरेटर पर इसको 20 फीट तक ले जाने के लिए कहा गया। संभवत हादसे की मुख्य वजह यही है।- लापरवाही की वजह से हुआ हादसा इस संबंध में कांग्रेस पार्षद का कहना है कि यह हादसा निगम के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से हुआ है। इस मामले की जांच होना चाहिए। नगर निगम की जो मशीन हैं, हाइड्रोलिक लिफ्ट, जेसीबी समेत अन्य उपकरणों आदि सभी की जांच होनी चाहिए। इसके अलावा इस हादसे के जिम्मेदार अधिकारियों को निलंबित करने की मांग कांग्रेस पार्षद ने की है।

# मोदी 3.0 का जश्न संतनगर में मना भाजपाइयों की जोरदार आतिशबाजी



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

भाजपा संतनगर मंडल ने मोदी सरकार 3.0 का जश्न मनाया। मोदी के शपथ लेती ही भाजपाइयों ने मिठाइयां बांटी एवं आतिशबाजी की।

उपनगर के संतकंवरराम चौराहे पर आतिशबाजी की गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल विधानी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, राहुल राजपूत के नेतृत्व में उत्सव मनाया गया। भाजपा नेताओं ने कहा कि लगतार तीसरी बार मोदीजी प्रधानमंत्री बने हैं। इस अवसर पर मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी, हुजूर के विधायक प्रतिनिधि चन्द्रप्रकाश इसराणी, पूर्व पार्षद माखन सिंह राजपूत, विकास मारण, सूरज यादव, मनीष बागवाणी, उमेश नागर, जगदीश आसवानी, रामू केवट, भरती मूलचंदानी सहित कार्यकारिणी सदस्य मौजूद रहे। संतनगर के हर बूथ पर उत्सव मनाया गया।

# मेडिकल कैंप में 477 मरीजों की जांच, फ्री दवाइयां बांटी

## श्री जेठानंद लालचंदानी की स्मृति में लगा शिविर

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

श्री जेठानंद लालचंदानी की स्मृति में सिंधी कम्यूनिटी हाल में मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें 477 मरीजों के जांच की गई। साथ ही मुफ्त दवाइयां वितरित की गई।

चिरायु हॉस्पिटल के वरिष्ठ चिकित्सकों ने सुबह 9. 30 से लेकर दोपहर 2 बजे तक अपनी सेवाएं दीं। कैंप में 80 से अधिक मरीजों की ईसीजी की गई, वहींलगभग 200 के करीब लोगों ने आंखों का चेकअप करवाया। 200 से अधिक लोगो ने हड्डियों का एक्सरे, ईको, एवं सोनोग्राफी करवाई। मेडिसिन, हृदय रोग, चर्म रोग नाक, कान, गला व बीमारियों की जांच की गई। कैंप का उद्घाटन भगवान झूलेलालजी की आरती के साथ किया गया। इस अवसर पर मानव अधिकारी आयोग के अध्यक्ष मनोहर ममतानी ने इस मैगा मेडिकल कैंप का निरीक्षण करते हुये कहा कि निश्चित तौर पर इस कैम्प के माध्यम से लोगों को लाभ मिलेगा,



लालचंदानी परिवार का यह एक बहुत ही प्रशंसनीय कदम है, जो समय समय पर जरूरत मंद लोगों के लिए ऐसे कैंप लगाकर समाज सेवा के कार्य करता है। इस अवसर पर जयकिशन लालचंदानी, दीपक लालचंदानी. राजकुमार पटेल, संतोष लालचन्दानी, जयपाल सचदेव, विशम्बर लाल राजदेव, नितेश लाल, डॉ. सुरेश भाम्भानी, मोहन लालवानी, जगदीश साहिता. महेश बजाज, विजय पाहुजा, सहित समाज के गणमान्य लोग सहित बड़ी संख्या में महिलायें उपस्थित हुई थी।

**मेट्रो एंकर**

## आरोग्य केन्द्र में रोग निवारण एवं प्रशिक्षण शिविर

# निरोगी रहने के 3 मंत्र उपवास, पेट की सफाई, नींद

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

आरोग्य केन्द्र में चल रहे दस दिनी शिविर के समापन की पूर्व बेला में अनुभव सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञों ने निरोगी काया के सूत्र दिए वहीं शिविरार्थियों ने अपने अनुभव रखे।

शिविर की गतिविधियों पर डॉ. गुलाब राय टेवानी ने प्रकाश डाला। शिविर में अलग-अलग स्थानों से आए साधकों ने हिस्सा लिया। सत्र में डॉ. रमेश टेवानी ने बताया कि मनुष्य जीवन बहुत दुर्लभ हैं, इस जीवन का अंतिम लक्ष्य यह हैं कि हम प्रभु के चरणों मे समा जाए, ये लक्ष्य पूरा तब होता हैं जब हम तन व मन से स्वस्थ हो, तन से स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक चिकित्सा, मन से स्वस्थ होने के लिए ध्यान, प्रणायाम और योग व जीवन को सार्थक करने के लिए समाज सेवा। इस शिविर का उददेश्य पूरे भारत को दवा रहित व दर्द रहित बनाना है। आजीवन निरोगी रहने के लिए उपवास, पेट की सफाई व नींद ये तीन चीजें जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, उपवास रसाहार व फलाहार के माध्यम से करते हैं।

अनुभव सत्र में शिविरार्थियों ने अपने अनुभवां को साझा करते हुए कहाकि उन्हें दस दिनों में ही बी.पी., डायबीटिज, घुटनों के दर्द, हाथां पैरों के दर्द, अर्थराइटिस, साइनस, सरवाइकल स्पोंडिलाइटिस में काफी आराम हुआ। आगामी कैम्प 14 जून से 23 जून 2024 को आयोजित किया जाएगा।




### इन दिक्कतों का इलाज

शिविर में डिप्रेशन, डायबिटीज, हायपोथायरायडिज्म, कब्ज, ऑस्टियोआर्थराइट्सि, हाइपरटेंशन, मोटापा, पॉजीटिव प्रमोशन इन हेल्थ, गैस्ट्राइटिस, इनसोमनिया, माइग्रेन, हाइपरकोलेस्ट्रोलेमिया, अस्थमा, लम्बर स्पॉन्डिलाइटिस, साइटिका और फ्रोजन शोल्डर का इलाज किया गया।

**यह गतिविधियां हुईः** प्रातः जागरण एवं नित्यकर्म, नियमित योगाभ्यास, यौगिक क्रियाएं, प्रातः कालीन व सायंकालीन व्याख्यान सत्र एवं शंका समाधान, प्राकृतिक चिकित्सा, प्राकृतिक आहार, ध्यानात्मक क्रियाएं एवं आनंद मेला।

# सबधाणी कोचिंग की अंकिता का हुआ पीएससी में चयन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

हाल ही में आये मध्य प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन एमपीपीएससी परीक्षा 2021 के अंतिम रिजल्ट में, सबधाणी कोचिंग इंस्टिट्यूट के



अशोका गार्डन शाखा की छात्रा अंकिता ने अपनी केटेगिरी में प्रथम स्थान प्राप्त की है, भविष्य में अंकिता ट्रेनिंग के पश्चात् डिप्टी कलेक्टर के पद पर मध्यप्रदेश में सेवाएँ दे सकती हैं। विगत दिवस आये एमपीपीएससी-2021 के परीक्षा परिणाम में सबधाणी कोचिंग से 5 अन्य विद्यार्थियों का चयन भी हुआ है। सबधाणी कोचिंग के डायरेक्टर आनंद सबधाणी एवं सभी फेक्लटी ने अंकिता को बधाई देते हुये कहा कि कुछ विद्यार्थी मेहनत के साथ-साथ अपनी अनोखी छाप छोड़ जाते है, उन्हीं में से अंकिता एवं ये पाँच भी हैं।




# मप्र को 5 केंद्रीय मंत्री देने से भाजपा में जश्न, उत्सव मना रही पार्टी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने और मप्र को शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया समेत 5 केंद्रीय मंत्री मिलने से भाजपा में उत्साह है। कार्यकर्ता और पदाधिकारी इसे इतिहासिक बताकर जश्न मना रहे हैं। जिसकी शुरुआत रविवार शाम से हो चुकी है जो अगले एक सप्ताह तक मनाया जाएगा। इसके तहत जगह–जगह रैलियां होंगी और स्वागत–सत्कार वाले कार्यक्रम होंगे। राष्ट्रपति भवन में हुए शपथ ग्रहण समारोह के साथ ही भोपाल स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में रविवार रात जश्न शुरू हो गया था। पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान के आवास पर भी लोगों ने पटाखे जलाएं और मिठाईयां बांटी। वहीं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, मंत्री वीरेंद्र खटीक, मंत्री डीडी उइके और मंत्री सावित्री ठाकुर के क्षेत्रों में भी जश्न का माहौल है जो इन मंत्रियों के अपने गृह क्षेत्र में पहुंचने पर और भव्य रूप लेगा।

## भाजपा कार्यालय से लेकर प्रदेशभर में मना जश्न

## आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे नवनियुक्त मंत्रीः वीडी



### भाजपा अध्यक्ष बोले– केंद्रीय मंत्री जनता के विश्वास पर खरे उतरेंगे

उधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में मध्यप्रदेश को समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने पर प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया। शर्मा ने कहा कि मंत्रिमंडल में मध्यप्रदेश को प्रतिनिधित्व देकर प्रदेश की जनता का मान ब?ाया है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा को इतिहासिक विजय दिलाकर प्रदेश की जनता ने बताया कि एमपी के मन में मोदी हैं। यह भी कहा कि नवनियुक्त मंत्री जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने में सफल् होंगे। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, वरिष्ठ नेता डॉ. वीरेन्द्र कुमार, वरिष्ठ नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया, सांसद दुर्गादास उईके एवं सांसद सावित्री ठाकुर को मंत्रिमंडल में शामिल किया है।



## प्रदेश में पौधा रोपण की तैयारियों का काम पिछड़ा

## रिकार्ड पौधे लगाने में मध्यप्रदेश का पिछड़ना तय

# एसीएस ने पहले कहा टेंडर से कराओ काम अब बोले– पुराने नियम से कर लो!

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** मप्र का इस बार पौधे लगाने में पिछड़ना तय है। इसकी वजह गर्मी में पौधे लगाने के लिए गड्ढे खोदने, तार फेंसिंग करने, पौधे तैयार करने, खाद, मिट्टी खरीदने जैसे काम नहीं होना है। इसकी वजह एसीएस वन जेएन कंसोटिया का वह पत्र है, जिसमें उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान एक गाइडलाइन जारी करते हुए कहा था कि वन विभाग में सभी काम टेंडर से होंगे। जबकि उसके पहले पौधे लगाने समेत कई कामों को वन विभाग के सीसीएफ, सीएफ, डीएफओ, एसडीओ और रेंजर खुद के स्तर पर कराते थे।

हालांकि हाल ही में वन मंत्रालय की ओर से एक पत्र जारी किया है, जिसमें कहा कि नई गाइडलाइन का अभी पालन न करें और 31 जुलाई तक पुरानी प्रथा के अनुसार ही काम कराएं। माना जा रहा है कि ये निर्देश तब दिए गए जब प्रदेश भर में काम पिछड़ गया।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के दौरान वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया ने 27 मार्च को उक्त गाइडलाइन जारी की थी। सिसमें इस बात का हवाला था कि अधिक राशि के काम बिना टेंडर के नहीं करा सकेंगे। जिसके बाद सीसीएफ, डीएफओ व वन अधिकारियों के हाथ खर्च करने को लेकर बंध गए थे। लेकिन गाइडलाइन स्पष्ट नहीं थी उपर से लोकसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण टेंडर जैसी प्रक्रिया भी आगे नहीं बढ़ सकी। इस तरह गर्मी के मौसम में पौधे लगाने संबंधी तैयारियां ठप रही। मैदान अधिकारियों ने इस पर हाथ नहीं डाला और इस तरह प्रदेश भर में पौधे लगाने से जुड़ी तैयारियां प्रभावित है, जो कि गर्मी में ही की जाती है। यही नहीं, उक्त गाइडलाइन पर वन विभाग के कई अधिकारियों ने आपत्ति भी ली थी और वे वन मंत्री नागर सिंह चौहान से भी मिले थे। जिसमें मंत्री ने एसीएस को एक पत्र भी लिखा था।



सूत्रों के मुताबिक जिसके बाद 4 जून को एक नया पत्र जारी करवाया है जो कि वन मंत्रालय के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी अशोक कुमार के ने जारी किया। इसमें कहा है कि पुरानी गाइडलाइन के अनुसार ही 31 जुलाई तक काम किए जाए, उसके बाद के जो काम हो, वे 19 अगस्त 2023 और 27 मार्च 2024 को जारी गाइडलाइन व नियमों के तहत कराए जाए। उल्लेखनीय है कि पौधे लगाने के लिए मुख्य काम गड्ढे खुदवाने, उनके लिए खाद, मिट्टी खरीदने, पौधे का पहले से आर्डर देने समेत कई काम करने होते हैं, जो कि गर्मी में ही किए जाते हैं। तब जाकर बारिश होने पर पौधे लगाने जैसी स्थिति बन पाती है। यही नहीं, विशेषज्ञों के मुताबिक पौधे लगाने के लिए गर्मी में गड्ढे खुद जाने चाहिए, ताकि वे पर्याप्त धूप खा सकें। अब ऐसी स्थिति नहीं बची है। एक तरह से प्रदेश भर में पौधे लगाने के काम पिछड़ता दिख रहा है।

# ड्रोन टेक्नोलॉजी, ब्लॉकचेन, मास्टर इन डेटा साइंस, जैसे कोर्स पढ़ सकेंगे छात्र

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है। ऐसे में विद्यार्थी पुराने परंपरागत कोर्सों तक ही सीमित नहीं हैं। विद्यार्थियों का रुझान अब ब्लॉकचेन, मास्टर इन डेटा साइंस, ड्रोन टेक्नोलॉजी, साइबर सिक्योरिटी जैसे कोर्स की ओर हो गया है। विद्यार्थियों के रुझान को देखते हुए एनआईटी, आइआइटी एवं इंजीनियिरिंग कॉलेज व पॉलिटेक्निक में मौजूदा समय की मांग और आधुनिक पाठ्यक्रम को शामिल किया जा रहा है। वहीं इस साल कुछ आउटडेटेड कोर्स को बंद किया जा सकता है। संस्थान कंपनियों की डिमांड के अनुसार सिलेबस में भी बदलाव कर रहे हैं। आइआइआइटी भोपाल ने इस पर काम शुरू कर दिया है, वहीं मैनिट में भी समय की डिमांड के अनुसार कोर्स और सिलेबस में बदलाव किया जा रहा है। ताकि ग्लोबलाइजेशन के इस दौर में युवाओं को इस स्तर पर तैयार किया जाए कि वे भविष्य में हर चुनौती का सामना कर सके। बता दें कि विद्यार्थियों के स्किल डेवलपमेंट के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने इस सत्र में कुछ रोजगार परख कोर्स शुरू किए थे। इनमें छात्र-छात्राओं के लिए की पहली पंसद बिजनेस इकोनोमिक्स रहा, जिसमें 21 हजार 616 प्रवेश हुए हैं। छात्रों ने प्रवेश लिया है, वहीं बैंकिंग एंड इन्स्यूरेंस में 16 हजार 797 एवं कप्यूटर फंडामेंटल में 14 हजार 290 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया था। छात्रों के रुझान को देखते हुए इस साल कुछ और कोर्स इसमें शामिल किए जा सकते हैं। टे क्नोलॉजी के क्षेत्र में तेजी से बदलाव हो रहा है। उसी के अनुसार तैयारी करना होगी। चुनौतियों से निपटने के लिए स्किल डेवलपमेंट पर ध्यान देना की जरूरत है। इसके लिए नए कोर्स पर काम किया जा रहा है। उद्योगों की डिमांड के अनुसार इनोवेशन पर काम किया जा रहा है। ताकि अनुसंधान के क्षेत्र में छात्रों को राष्टीय स्तर पर पहचान मिल सके। विद्यार्थी खुद का स्टार्टअप शुरू कर सकें इसके लिए उन्हें नए-नए आइडिया दिए जा रहे हैं।

**वर्तमान में इन कोर्स की बढ़ी मांगः** वर्तमान में डिजिटल मार्केटिंग, डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, वेब डेवलपमेंट, एआई और एमएल, साइबर सिक्योरिटी, और विज्ञान संबंधित कोर्सेज की डिमांड बढ़ रही है। इसके अलावा, स्वास्थ्य और वेलनेस, ऑनलाइन शिक्षा, इलेक्ट्रॉनिक्स, और साइबर सिक्योरिटी कोर्सेज भी प्रसिद्ध हैं।

**मेट्रो एंकर** — राज्य उपभोक्ता आयोग का फैसला

# पोस्टल आर्डर पर सील थी अस्पष्ट, डाकघर को आदेश, उपभोक्ता दिए जाएं 6 हजार 110 रुपए

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** उपभोक्ता द्वारा डाकघर से पोस्टल आर्डर क्रय किया गया, लेकिन वह अनादरित हो गया। क्योंकि पोस्टल आर्डर में उसके जारी किए जाने संबंधी सील अस्पष्ट है। मप्र राज्य उपभोक्ता आयोग ने 2017 के इस मामले में जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले को सही मानते हुए डाक विभाग को निर्देश दिए हैं कि वह उपभोक्ता को 110 रूपए पोस्टल आर्डर के सेवा में कमी के 5 हजार व परिवाद व्यय के 1 हजार रुपए अदा करें।



दरअसल, जिला उपभोक्ता आयोग के फैसले से असंतुष्ट होकर पोस्ट मास्टर प्रधान डाकघर, छतरपुर द्वारा रामकरण शुक्ला, निवासी छतरपुर के विरुद्ध राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील दायर की गई थी। जिला उपभोक्ता आयोग ने प्रकरण में रामकरण शुक्ला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा था कि डाक विभाग द्वारा उपभोक्ता को 110 रु पोस्टल आर्डर की राशि एवं कमीशन शुल्क एक माह के अंदर अदा किया जाए। इसके साथ ही सेवा में कमी के मद में 5 हजार रुपए एवं परिवाद व्यय के 1 हजार रुपए भी दिए जाएं।

### यह डाकघर द्वारा सेवा में कमी

आयोग ने सुनवाई के दौरान यह पाया कि डाकघर की लापरवाही के कारण ही पोस्टल आर्डर अनादरित हुआ है। यह डाकघर द्वारा सेवा में कमी का प्रमाण है। डाकघर का दायित्व था कि वह यह सुनिश्चित करता कि क्रेता को दिए जा रहे पोस्टल आर्डर पर जारी की गई तारीख की सील व हस्ताक्षर उचित प्रकार से लगाए हैं।

### यह है पूरा मामला

रामकरण शुक्ला ने अपने परिवाद में बताया कि वह छतरपुर जिला एवं सत्र न्यायालय में विधि व्यवसाय करते हैं। उनके द्वारा छतरपुर में शपथ आयुक्त के पद के लिए उच्च न्यायालय, जबलपुर को आवेदन पत्र भेजने के लिए 100 रुपए का पोस्टल आर्डर खरीद गया था और इसके लिए 10 रुपए कमीशन सहित कुल 110 रुपये का भुगतान प्रधान डाकघर छतरपुर को किया गया था। उक्त पोस्टल आर्डर में जारी दिनांक की सील अस्पष्ट होने की शिकायत करने पर उन्हें डाकघर द्वारा बताया गया था कि इससे कोई असुविधा नहीं होती है, क्योंकि भारत के सभी डाकघरों में उक्त पोस्टल आर्डर के नंबरों की सूची नेट पर उपलब्ध रहती है। इस आश्वासन के कारण उन्होने पोस्टल आर्डर अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर उच्च न्यायालय को भेज दिया। 17 जून 2016 को कार्यालय, जिला एवं सत्र न्यायालय छतरपुर द्वारा बताया गया कि उक्त पोस्टल आर्डर में जारी किए जाने की तिथि स्पष्ट नहीं होने के कारण उनका आवेदन निरस्त कर दिया गया है।




## संपादकीय

# ठोस फैसलों का मौका

देश में करीब दस साल बाद फिर वह सरकार कामकाज शुरू कर रही है, जो गठबंधन के कई लिखित व अलिखित समझौतों की बुनियाद पर बनी है। कल शाम प्रधानमंत्री के तौर पर नरेंद्र मोदी ने फिर यानि तीसरी बार शपथ ली और उनके साथ :::: मं?त्रियो ने भी शपथ ली। सरकार का नया आकार तो सामने आ गया है लेकिन लगता है कि समय समय पर इसमें परिवर्तन की गुंजाइश रखी गई है। खुद भाजपा ने अपने कई उन चेहरों को ड्राप किया है, जो पिछली दो सरकारों में खूब नजर आते थे। वहीं गठबंधन दलों के चेहरों के साथ मोदी को कामकाज की रफ्तार व राब्ता बनाए रखने की दोहरी चुनौती रहेगी। हालांकि शुरू में यह काफी कठिन लग रहा था लेकिन एनडीए गठबंधन के सांसदों ने सर्वसम्मति से मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री चुन लिया। भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में दूसरी बार है, जब किसी नेता को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। इससे पहले जवाहरलाल नेहरू ने यह करिश्मा किया था। अब यह पीएम मोदी के प्रभाव और कामकाज के तरीके पर भरोसे का नतीजा है। बेशक भाजपा को अकेले दम पर पूर्ण बहुमत नहीं मिल पाया, मगर राजग को बहुमत से कुछ अधिक सीटें मिली हैं। चूंकि गठबंधन चुनाव पूर्व का है, इसलिए इसके सभी घटक दल पहले से ऐसी स्थिति में समर्थन देने को प्रतिबद्ध थे। मगर चूंकि चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार के साथ गठबंधन के पहले के अनुभवों को देखते हुए कयासों को बल मिला था कि वे सरकार बनाते समय अपनी क?ी शर्तें रख सकते हैं और उनके पूरा न होने पर छिटक भी सकते हैं। मगर अच्छी बात है कि दोनों नेताओं ने अपनी उस पुरानी छवि को इस अवसर पर दुरुस्त किया। हालांकि अब भी विपक्षी गठबंधन को लगता है कि यह सरकार लंबे समय तक चल नहीं पाएगी। हालंकि इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि तीसरी बार जिम्मेदारी मिलने के बाद प्रधानमंत्री के कामकाज के तरीके में कुछ बदलाव आएगा। यह केवल इसलिए नहीं कि उन पर लगातार गठबंधन का दबाव बना रहेगा, बल्कि इसलिए भी कि इस लोकसभा का चुनाव भाजपा उनके नाम पर ल?ी थी। प्रधानमंत्री ने खुद अपने नाम से बहुत सारे कामों की गारंटी दी है। उन्हें पूरा करने के लिए नए ढंग से रणनीति बनानी होगी। उसमें स्वाभाविक ही सहयोगी दलों को साथ लेकर चलने की जरूरत प?ेगी। घटक दलों ने सत्ता की बागडोर उनके हाथ में सौंपी है, तो जाहिर है कि उनकी मांगें मान ली गई हैं। कोई भी सरकार तकरार से चल नहीं सकती और न उससे किसी दल को लाभ मिलता है। इसलिए घटक दलों को यह बात अच्छी तरह पता है कि सरकार की उपलब्धियों पर ही उनकी भी सफलता और विफलता निर्भर करती है। यह जरूर है कि पिछली दो सरकारों के समय जिस तरह प्रधानमंत्री और उनके मंत्री फैसले करते, नीतियों का निर्धारण करते रहे हैं, अनेक मौकों पर विधेयकों को बिना उचित बहस के पारित करा लिया गया, अब वैसा संभव नहीं होगा। इसलिए कि सदन में एक मजबूत विपक्ष भी मौजूद रहेगा और उसकी बातों की अनदेखी संभव नहीं है। वैसे प्रधानमंत्री के पास एक अच्छा अवसर होगा कि वे लोकतांत्रिक ढंग से मुद्दों पर निर्णय कर सकेंगे। ऐसे निर्णयों में स्थायित्व होगा और विवाद की गुंजाइश कम होगी। अभी तक कुछ फैसलों पर इसलिए उंगलियां उठती रही हैं कि वे एकतरफा और बिना उचित विचार-विमर्श के किए गए थे।


# मोदी के लिए कठिन नहीं डगर गठबंधन की, 1975 से बनाते रहे रिश्ते

■ आलोक मेहता



टीवी न्यूज चैनल पर ही नहीं मुंबई बंगलुरु से भी प्रभावशाली लोग फोन करके पूछ रहे हैं कि मोदीजी क्या गठबंधन की सरकार चला सकेंगें ? मोदीजी क्या चंद्रबाबु नायडू और नीतीश कुमार जैसे पुराने राजनैतिक खिलाडियों के दबाव को झेल सकेंगे ? मैंने उत्तर दिया - प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी पिछले वर्षों के दौरान विरोधियों को स्वयं कहते रहे हैं कि लोग मुझे ठीक से जानते नहीं हैं। मैं हर परिस्थिति से निपटना जानता हूँ । और मैं भी यह बात जानता हूँ कि 1915 की इमरजेंसी के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के भूमिगत साहसी युवा कार्यकर्ता के रुप में सोशलिस्ट जॉर्ज फर्नांडीस और कांग्रेसी रवींद्र वर्मा जैसे नेताओं से मिलते आपात काल के विरोध में गतिविधियां संचालित करते रहे । लोकनायक जयप्रकाश नारायण के संपर्क और प्रेरणा से उन्होंने नव निर्माण आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई थी । एक पत्रकार के नाते तब से गुजरात में करीब एक साल रहने और बाद में दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के प्रमुख संगठन महासचिव के रुप में अटल आडवाणी युग में अपनी पार्टी के सम्बन्ध विभिन्न दलों और उनके नेताओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण योगदान दिया था । जार्ज , बंसीलाल , ओमप्रकाश चौटाला , फारुख अब्दुल्ला , प्रकाश सिंह बादल , बालासाहेब ठाकरे जैसे परस्पर विरोधी दिग्गज राजनेताओं के साथ तालमेल कर हरियाणा , पंजाब , जम्मू कश्मीर , महाराष्ट , गुजरात की राजनीति करना आसान नहीं था । यही नहीं संघ भाजपा के संगठन कार्य और हिमालय क्षेत्र के पर्वतारोहण मिशन , तिब्बत कैलाश मानसरोवर की कठिन यात्राओं के साथ देश के विभिन्न हिस्सों में रेल , बस , स्कूटर , कार जीप से यात्रा करते हुए सैकड़ों लोगों से संपर्क रखने के अनुभव मोदी के पास हैं । इसलिए नायडू , नीतीश कुमार या अन्य क्षेत्रीय नेताओं को साथ लेकर चलने में उन्हें कैसे मुश्किल आएगी ।

गुजरात के मुख्यमंत्री के रुप में उन्होंने भाजपा के अंदरुनी खेमों गुटों को अपने ढंग से संभालते हुए अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियों , परस्पर प्रतियोगी संस्थानों , कारपोरेट घरानों , भारतीय मजदुर संघ या अन्य संगठनों और मीडिया घरानों को भी साधने में राजनीतिक चातुर्य दिखाया है । यह बात सही है कि अपनी कई गतिविधियों, कामकाज को बहुत हद तक सार्वजनिक नहीं करने की विशेषता के कारण बहुत कम लोग उनके व्यक्तित्व को जानते समझते हैं । बहुत धैर्य और गोपनीयता के साथ काम करने वाले नेता भारत ही नहीं विश्व में कम मिलते हैं । तभी नोटबंदी और कश्मीर की धारा 310 ड़त्म करने जैसे ऐतिहासिक निर्णय करना सम्भव हुआ । वर्तमान सन्दर्भ में आंध्र और लोक सभा चुनाव से पहले तेलुगु देशम पार्टी के वरिष्ठ नेता चंद्रबाबू नायडू को वापस भाजपा गठबंधन से जोड़ना फलदायी साबित हो रहा है । यह नायडू के लिए भी



बहुत जरुरी रहा है । वह पहले अटल सरकार के दौरान राष्ट्रीय लोकतान्त्रिक गठबंधन ( एन डी ए ) के साथ थे , लेकिन 2002 में नरेंद्र मोदी को गुजरात के मुख्यमंत्री पद से हटाने की मांग को लेकर बाहर हो गए थे । फिर 2014 में एन डी ए के साथ आए और बाद में आंध्र को विशेष दर्जे की मांग के बहाने छोड़ गए । बहरहाल आंध्र में सत्ता से बाहर रहने और जगन मोहन रेड्डी सरकार द्वारा जेल भेजे जाने के बाद नायडू को नरेंद्र मोदी का दामन संभालकर वापस सत्ता में आने का लाभ मिल रहा है । लोक सभा चुनाव के बाद एन डी ए संसदीय दल की बैठक में नायडू ने जिस तरह प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के समर्थन और प्रशंसा में भाषण दिया और आंध्र के साथ सम्पूर्ण देश के सामाजिक आर्थिक विकास का विश्वास व्यक्त किया , उसके बाद मोदी के साथ सम्बन्ध तोड़ने की सारी अटकलों पर विराम लग जाता है । नायडू ही नहीं तेलंगाना , कर्नाटक , केरल , तमिलनाडु के क्षेत्रीय नेता नरेंद्र मोदी के साथ संबंधों का सिलसिला बड़ता जा रहा है । पूर्व प्रधान मंत्री एच डी डेवेगोडा पिछले वर्षों के दौरान संसद में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और कामकाज की जमकर तारीफ करते रहे हैं ।

इसी तरह बिहार के मुख्यमंत्री जनता दल ( यूनाइटेड ) नीतीश कुमार के साथ तीन दशकों में कड़वे खट्टे मीठे सम्बन्ध बनते बिगड़ते रहे हैं । नीतीश ने तेवर और पाले बार बार बदले , लेकिन उनकी ईमानदारी पर आज तक कोई दाग नहीं लगा । यही कारण है कि नरेंद्र मोदी ने राजनीतिक दूरियां होने पर भी के सी त्यागी और रामनाथ ठाकुर और हरिवंश जैसे वरिष्ठ नेताओं के माध्यम से अपने राजनीतिक तार जोड़े रखे । फिर पिछले साल लालू यादव के माया जाल में फंसकर बहुत अपमानित होकर नीतीश लोक सभा चुनाव से पहले मोदी के नेतृत्व वाले एन डी ए की शरण में आ गए । कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न दिए जाने और भाजपा जद ( यु ) के साथ रहने से लोकसभा चुनाव में सबको लाभ हुआ । चिराग पासवान और जीतनराम मांझी से कटुता भी मोदी के कारण ड़त्म हुई । तीनों ने अब मोदी सरकार के साथ ही अपने और बिहार के हितों के लिए साथ निभाने का संकल्प लिया है । नीतीश कुमार ने तो संसद भवन की मीटिंग में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के पैर तक छूकर संबधों को सदा निभाने का भावनापूर्ण बातें कह दी ।

महाराष्ट , गोवा , हरियाणा , पंजाब और असम , सिक्किम सहित पूर्वोत्तर राज्यों के प्रमुख नेताओं से मोदी के सम्बन्ध लगातार मजबूत होते जा रहे हैं । अब महाराष्ट , हरियाणा , झारखण्ड के विधान सभा का बिगुल अगले कुछ महीनों में बजने वाला है । इसलिए भाजपा और क्षेत्रीय दलों और उनके नेताओं का शक्ति परीक्षण होने वाला है । शिव सेना के शिंदे गुट और उद्धव ठाकरे , राज ठाकरे के अलावा पवार परिवार को मोदी के साथ या विरोध का फैसला करना होगा । इसे मोदी की उदारता ही कही जाएगी कि उन्होंने पहले उद्धव ठाकरे और फिर एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनवाया , जबकि भाजपा के पास अधिक विधायक थे । नीतीश की तरह ठाकरे ने ही भाजपा का साथ छोड़ा था । शिंदे की शिव सेना और अजीत पवार की एन सी पी के साथ के बावजूद लोक सभा चुनाव में भाजपा को लाभ नहीं हुआ । अब तीनों को विधान सभा चुनाव के लिए नई रणनीति बनानी होगी । यही हाल हरियाणा में चौटाला परिवार की पार्टियों का है । जातिगत बंटवारे ने एक बार फिर उत्तर भारत की राजनीति को दलदल में फंसा दिया है । दुर्भाग्य यह है कि राष्ट्रीय पार्टी कांग्रेस ने भी लालू यादव की शरण लेकर वही बीमारी पाल ली है । जो भी हो 2024 के अंत तक देश की राजनीति को एक निर्णायक रास्ता मिल जाने की उम्मीद करनी चाहिए।

# अधिक सहूलियत मगर फिर भी कम मतदान संपन्न वर्ग की उदासीनता

■ पंकज चतुर्वेदी

भारत की 18वीं लोकसभा के निर्वाचन की प्रक्रिया सम्पन्न होने के साथ ही एक सवाल फिर ख?ा हुआ कि आखिर बड़े शहरों में रहने वाले, खासकर सम्पन्न इलाकों के लोग वोट क्यों नहीं डालते, जबकि उनके क्षेत्रों में जन सुविधा-सुंदरता और शिकायतों पर सुनवाई सरकारें प्राथमिकता से करती हैं। दिल्ली हो या राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के दो इलाकों- फरीदाबाद और गुरुग्राम या फिर देश के दूसरे बड़े शहर, मतदान का आंकड़ा सामने आया तो स्पष्ट हो गया, जिस इलाके में अधिक शिक्षित और संपन्न लोग रहते हैं, वहां सबसे कम मतदान हुआ। लोकसभा के तहत जिन विधानसभा क्षेत्रों में विकास, सफाई, नागरिक सुविधा के लिए सबसे अधिक धन खर्च होता है, उन्हें मतदान के कर्तव्य की सबसे कम चिंता है। हो सकता है कि धनाढ्य वर्ग यह सोचता हो कि वे सबसे अधिक टैक्स देते हैं, इसलिए उनके इलाके में सरकारी धन से अधिक रखरखाव होना ही चाहिए। समझना होगा कि तभी संपन्नता संभव है क्योंकि देश में लोकतंत्र है। लोकतंत्र तभी है जब अधिक से अधिक लोग अपने पसंद की सरकार चुनने के अनुष्ठान में अपने आहुति दें, एक मत के रूप में। दरअसल, शहर जितना बड़ा है, जहां विकास और जन-सुविधा के नाम पर सरकार बजट का अधिक हिस्सा खर्च होता है, जहां प्रति व्यक्ति आय आदि औसत से बेहतर है, जहां सड़क-बिजली-पानी-परिवहन अन्य स्थानों से बेहतर होते हैं, वहीं के लोग वोट डालने निकले नहीं। चेन्नई ड्ढसेंट्रल सीट में सर्वाधिक शिक्षित और संपन्न घराने रहते हैं, वहां मतदान हुआ महज 53.91 प्रतिशत। बेंगलुरु सेंट्रल और साउथ भी पढ़े-लिखे, नौकरीपेशा और सम्पन्न लोगों का क्षेत्र है और वहां केवल क्रमशः 52.81 और 53.15 फीसदी लोग ही मतदान को निकले। यही हाल मुंबई साउथ का रहा जहां देश के बड़े उद्योगपति, फिल्मी सितारे रहते हैं, यहां मतदान 47.7 प्रतिशत ही था, जबकि शहर का सबसे साफ-सुथरा जगमगाता संसदीय क्षेत्र यही है।



राजधानी दिल्ली में लोकसभा की सात सीटें हैं, जिसमें नई दिल्ली सर्वाधिक प्रतिष्ठित कहलाती है, क्योंकि यहां राष्टपति से लेकर बहुत से सांसद, अधिकांश उच्च नौकरशाही, बड़े व्यापारी आदि निवास करते हैं। हर बार की तरह इस बार भी इस सीट पर सबसे कम महज 51.98 ड़ीसदी मतदान हुआ। इसमें भी सबसे कम मात्र 48.84 प्रतिशत वोट सबसे धनाढ्य कहे जाने वाले ग्रेटर कैलाश विधानसभा क्षेत्र में डाले गये। दिल्ली में सबसे अधिक मतदान हुआ उत्तर-पूर्वी दिल्ली में जिसका बड़ा हिस्सा विस्थापित और कच्ची कालोनियों से बना है। यहां 62.87 फीसदी वोट पड़े। दिल्ली में एकमात्र पहली श्रेणी में उत्तीर्ण लोकसभा सीट यही है। मतदान वाले दिन, जब आसमान से आग बरस रही थी तब सिग्नेचर ब्रिज की तरफ जाने वाली सड़क से जाफराबाद से आगे करावल नगर मार्ग तक हर जगह सड़क पर, जहां भारी यातायात भी था और कोई छाया नहीं थी; क्या औरत क्या मर्द, लंबी कतारें थीं। एक मतदान केंद्र पर मतदान की गति इतनी धीमी कि एक से डेढ़ घंटे कतार में फिर भी लोग खड़े थे। न्यूनतम सुविधाएं हैं, लेकिन वोट डालने में कोई कोताही नहीं। एक बेहतर कल की उम्मीद या लोकतंत्र पर भरोसा या उसी पर आशाङ्क जो कुछ भी हो, इन गरीब, मेहनतकश लोगों ने जमकर वोट डाले। यहां भी सीलमपुर, मुस्तफाबाद, सीमापुरी जैसे झोपड़-झुग्गी वाले इलाकों में 60 ड़ीसदी से अधिक वोट पड़े। जबकि सरकारी इमारतों और मध्य वर्ग के तिमारपुर में 54.58 प्रतिशत ही। दक्षिणी दिल्ली में महज 55.15 फीसदी वोट पड़े। उसमें भी पालम के अलावा कहीं भी मतदान 60 तक नहीं पहुंचा। कालकाजी जैसे पुराने संभ्रांत विधानसभा क्षेत्र में सबसे कम 53.22 ड़ीसदी वोट ही गिरे।

चांदनी चौक लोकसभा के संकरी गलियों वाले मटिया महल, बल्ली माराना, शकूर बस्ती में 60 प्रतिशत से अधिक लोग वोट देने निकले तो मॉडल टाउन में 49.80, शालीमार बाड़ में 57.24 आदर्श नगर में 53.76 फीसदी लोग ही घर से निकले। यहां भी स्पष्ट दिखा कि ऊंचे घरों से मतदान कम हुआ। हरियाणा की दस सीटों में जिन दो जगहों पर सबसे कम मतदान हुआ, वह हैं दिल्ली का विस्तार कहे जाने वाले फरीदाबाद और गुरुग्राम। गाजियाबाद और नोएडा में भी वोट प्रतिशत वहीं ठीक रहा जहां जरूरतमन्द लोगों की घनी आबादी है, वरना भरे पेट के मोहल्लों ने तो निराश ही किया।


सवाल यह है कि क्या लोकतंत्र को सहेज कर रखने की जिम्मेदारी सामाजिक-आर्थिक रूप से कमजोर लोगों पर ही है। इसके बाद भी जब विकास, सौन्दर्यीकरण, नई सुविधा जुटाने की बात आती है तो प्राथमिकता उन्हीं क्षेत्रों को दी जाती है जहां के लोग कम मतदान करते हैं।मतदान को अनिवार्य करना भले ही ड़िलहाल वैधानिक रूप से संभव न हो लेकिन यदि दिल्ली एनसीआर से यह शुरुआत की जाये कि विकास योजनाओं का पहला हक उन विधानसभा क्षेत्रों का होगा, जहां लोकसभा के लिए सर्वाधिक मतदान हुआ तो शायद अगली बार पॉश इलाकों के लोग मतदान की अनिवार्यता को महसूस कर सकें।

**- साभारः यह लेखक के विचार हैं।**

बुरी स्मृतियों को उधेड़ने की जगह नई स्मृतियों को बुनना शुरू कीजिए

## कविता

### कर्ण की अग्नि परीक्षा...



हे कर्ण तुम्हारा वर्ण क्या
तुम किस जाति से आते हो ?
माना हो वीर योग्य सबल ,
युवराज नहीं कहलाते हो।
हे सूर्य पुत्र ये ध्यान रहे ,
अब कुरु हमारे साथ खड़े ,
है अंग नहीं अब देने को ,
युवराज नहीं तुम रहने दो।
युद्ध वनों में होगा जब ,
प्रत्यंचा कौन चढ़ाएगा ,
गांडीव धरा रह जाएगा ,
अर्जुन भी लुट के आएगा।
मैं मौन खड़ा हूँ आज यहाँ ,
ना दान तुम्हें कुंडल दूँगा ,
कुंती के मौन को अब भी ,
धैर्य से अपने बल दूँगा।

**लक्ष्मण सिंह मरकाम 'लक्ष्य'**

## आज का इतिहास

- 1899 अमेरिकन टेम्परेंस क्रूसेडर कैरी नेशन ने कैनकोवा, कैनसस में एक सैलून में प्रवेश किया, और सभी मादक पेय पदार्थों को नष्ट करने के लिए आगे बढ़े।
- 1906 कनार्ड लाइनर आरएमएस लुसेतिया को ग्लासगो में दुनिया के सबसे बड़े जहाज के रूप में लॉन्च किया।
- 1917 प्रथम विश्व युद्ध-ब्रिटिश सेना ने जर्मन लाइनों में 19 अम्मल खानों को विस्फोट कर दिया, जिससे इतिहास में सबसे घातक गैर-परमाणु विस्फोट हो गया।
- 1929 बाद में संधि संधि पर हस्ताक्षर किए गए। यह संधि वेटिकन सिटी के अस्तित्व का आधार बनी। यह इटली और होली सी के बीच एक समझौता था। समझौते के अनुसार एक नया राज्य बनाया गया था जिसमें संप्रभुता को होली सी को दिया गया था। साथ ही उन्हें संवैधानिक अधिकार भी प्रदान किए गए।
- 1929 इटली के राज्य और होली सी ने लेटरन ट्रीटायो पर हस्ताक्षर करके वैटिकन सिटी को अस्तित्व में लाया, इस प्रकार 'रोमन प्रश्न' का अंत हुआ।
- 1939 जार्ज षष्टम तथा एलिजाबेथ ब्रिटेन के पहले राजा और रानी बने जिन्होंने अमेरिका का दौरा किया।
- 1940 डेज़ी डक का किरदार पहले डिज्नी कार्टून श्री डक स्टेप्स आउट में दिखाया गया।
- 1941 सोवियत आर्ममेंट्स कमांडर बोरिस वानिकोव को गिरफ्तार किया गया।
- 1942 मिडवे की लड़ाई समाप्त हुई। यह जापान और अमेरिका के बीच शांति पर एक नौसैनिक युद्ध था। इस लड़ाई को इतिहास की सर्वश्रेष्ठ नौसेना लड़ाइयों में सूचीबद्ध किया गया है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापान को हराया जिसमें कई अपूरणीय क्षति हुई। यह संयुक्त राज्य अमेरिका की एक निर्णायक जीत थी।
- 1942 जापानी सैनिकों ने अलास्का के अलेउतियन द्वीपों में यूएसए के अटू और किस्का द्वीपों पर आक्रमण करना शुरू कर दिया। इस अभियान को अलेउतियन द्वीप के जापानी अभियान के रूप में जाना जाता था जो द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान हुआ था। द्वीप वापस पाने के लिए यूएसए और कनाडाई सेनाओं को लंबा समय लगा।
- 1944 ब्रैविल की लड़ाई शुरू हुई।
- 1948 नौवें-मई के संविधान को एक कम्युनिस्ट राज्य बनाने के संकेत के बजाय, एडवर्ड बेनेश ने चेकोस्लोवाकिया के राष्टपति के रूप में इस्तीफा देने का फैसला किया।
- 1948 वामपंथियों ने पूरी तरह से चेकोस्लोवाकिया पर कब्जा कर लिया।
- 1949 डॉक वर्कर्स ने यूनाइटेड किंगडम में हड़ताल शुरू की।

# मार्केटिंग के माध्यम से स्थानीय रोजगार की और देंगे: डॉ शर्मा



**इटारसी।** महिलाओं को रोजगार से जोड़ने वार्ड 8 में ममता क्षेत्रीय स्तरीय संगठन (सोसायटी) कार्यालय का शुभारंभ हुआ। कार्यालय का उद्घाटन पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व विधायक डॉ सीतासरन शर्मा और नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने वार्ड 8 की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया, डॉक्टर पंकजमणि पहाड़िया और अन्य जनप्रतिनिधि व वार्ड की जनता की उपस्थिति में किया। इस दौरान स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में विधायक डॉ शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है, यही वजह है कि केंद्र और प्रदेश की सरकार स्व-सहायता समूह का बजट लगातार बढ़ा रही हैं ताकि हमारी बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें। आर्थिक आजादी मोदी जी की सरकार में शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि हम जब भी स्व-सहायता समूह के कार्यक्रमों में जाते थे तो चर्चा होती थी कि स्व-सहायता समूह का आउटलेट होना चाहिए। आज ममता दीदी ने इस आउटलेट की शुरुआत की है वह बधाई के पात्र हैं। हम विश्वास करते है कि अन्य क्षेत्र में भी इस तरह के आउटलेट खुलेंगे और मार्केटिंग के माध्यम से हम फिर स्थानीय रोजगार की और ताकत से बढ़ेंगे। कार्यक्रम स्थल पर लगी स्वसहायता समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों की प्रदर्शनी में विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे और वार्ड पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने समूह द्वारा निर्मित सामग्रियों की खरीदी कर महिलाओं का हौसला बढ़ाया।

# नगद इनाम की घोषणा

**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के द्वारा फरार आरोपी के सूचना देने वालो को ढाई हजार रूपए नगद राशि देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक श्री शुक्ला के द्वारा जारी इनाम उदघोषणा आदेश में उल्लेख है कि गंजबासौदा शहर जिला विदिशा में दर्ज अपराध क्रमांक 51/2024 के फरार आरोपी कपिल विश्वकर्मा निवासी वार्ड नम्बर चार रविदास कॉलोनी गंजबासौदा की सूचना देने वालो को ढाई हजार रूपए नगद राशि इनाम देने की घोषणा की है सूचनाकर्ता चाहे तो उसका नाम गोपनीय रखा जाएगा।

# चौरिया कुर्मी महासभा की बैठक प्रतिभावान का होगा सम्मान



**इटारसी।** चौरिया कुर्मी महासभा और चौरिया कुर्मी समाज शिक्षा परिवार के पदाधिकारियों की एक बैठक रविवार की शाम को सांई कृष्ण रिसोर्ट खेड़ा इटारसी में हुई। बैठक में समाज की प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के साथ ही सामाजिक क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रहे सामाजिक लोगों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में मातृ शक्ति ने भी अपनी बात जिम्मेदारी से रखी। छाया पटैल ने बताया कि समाज मे आधी आबादी महिलाओं की है तो सामाजिक संगठन में महिलाओं की अहम भूमिका होना चाहिए। चौरिया कुर्मी महासभा के अध्यक्ष नवीन पटैल ने कहा कि मशीन बनती है तो मशीन का एक नाम होता है। इसमें से एक भी पुर्जा इधर-उधर हो जाए तो वह मशीन काम नहीं करती है। हमें मशीन के पुर्जा की तरह समाज में काम करना हो। चाहे समाज का व्यक्ति छोटा हो बड़ा हो सभी को मिलकर कार्य करना है। इस अवसर पर समाज के कुशल पटेल, रिटायर्ड वन मंडल अधिकारी रामकिशोर चौरे, दीपाली पटेल ने भी अपने विचार रखें। बैठक में जून माह अंत तक कक्षा 10वी एवं 12वी में 80त्न या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले चौरिया कुर्मी समाज के बच्चों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।




# विश्व पर्यावरण एवं नमामि देवी गंगे के अंतर्गत कलश यात्रा निकाली

**सिवनी मालवा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सिवनी मालवा के द्वारा 5 जून से 16 जून 2024 तक शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत नमामि गंगे संवर्धन के तहत आज सेक्टर क्रमांक 01 में नवांकुर संस्था एवं नगरपालिका नगर समिति के सहयोग से कलश यात्रा निकाली गई। संस्था के अध्यक्ष संगीता मेहरा सचिव संतोष पटवारे प्रशासनिक अधिकारी नगर पालिका सीएमओ शीतल भलावी व अन्य नगर पालिका कर्मचारी स्व-सहायता समूह की बहनों एवं की उपस्थिति में कन्याओं का पूजन कर कलश यात्रा निकाली गई समापन के उपरांत नवांकुर संस्था परिवर्तन समाज कल्याण समिति द्वारा सभी को फल वितरित किए गये।

### नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने मंथन बैठक के दूसरे ही दिन से प्रारंभ कराया काम

# वॉटर हार्वेस्टिंग: नालियों में गड्ढे खुदवाकर पानी फिल्टर करने गिटटी से भरने का काम शुरु

**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

इटारसी को वाटर प्लस शहर बनाने की दिशा में बीते दिन जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत हुए मंथन से जो निष्कर्ष निकला था, उस पर नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्य शुरु कर दिया है। विधायक डॉ सीतासरन शर्मा द्वारा दिए पाढ़ुना नगरपालिका द्वारा किए गए कार्यों का जो आइडिया दिया था, उस पर काम प्रारंभ किया जा चुका है। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने आज फ्रेंडस स्कूल की दीवार से सटी नाली पर मशीन से गडढे खुदवाकर वहां पर कुछ समाजसेवियों की मौजूदगी में गडढे में गिटटी भरवाई। श्री चौरे ने बताया कि नाली में बहने वाला पानी गिटटी के माध्यम से जमीन में साफ होकर जाएगा। जिससे भूमिगत जल को बढाने में मदद मिलेगी।



## आगे यह भी है तैयारी

- अटल पार्क में बडे गडढे करके उसमें गिटटी, पत्थर, रेत से फिलिंग कर वहां पर बरसात का पानी भेजकर हार्वेस्टिंग कराई जाएगी।
- नालों पर 2 फीट हाईट के स्टॉप डैम बनाने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है।
- शहर के अन्य खाली स्थान भी चिन्हित किए जा रहे हैं, जहां पर वाटर हार्वेस्टिंग की जा सके।

**इनका कहना है**

*बैठक में तय किए गए एक तरीके पर हमनें आज से काम प्रारंभ करा दिया है। अभी पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर फ्रेंडस स्कूल की साइड वाली नाली पर गडढे कराकर उनमें गिटटी भरा दी है।*

**पंकज चौरे,** *अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद इटारसी*

# जल संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता



**सिवनी मालवा।** नगर पालिका एवं शासकीय कुसुम महाविद्यालय के सामूहिक तत्वाधान में 'जल गंगा संवर्धन अभियान' अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र छात्राओं जल एवं ऊर्जा संरक्षण विषय पर निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा जल एवं ऊर्जा संरक्षण एवं जल बचाओ के बारे में अपने विचार दिए गए एवं निबंध चित्रकला के माध्यम से जल बचाओ के संदेश दिए गए जिसमें प्राचार्य डॉ आर के रघुवंशी,डॉ सुनील सोनी, डॉ एस के झा नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक डॉ प्रशांत कुमार शर्मा, नोडल अधिकारी सचिन मलैया एवं बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं उपस्थित रहे मुख्य नगर पालिका अधिकारी शीतल भलावी ने बताया कि शासन के निर्देश अनुसार जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जिसमें कॉलेज एवं स्कूल के छात्राओं को जन संरक्षण को लेकर जन जागरूकता हेतु निबंध प्रतियोगिता एवं चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है प्राचार्य आर रघुवंशी ने सभी छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि प्रत्येक मानव का यह कर्तव्य है कि उसे अपने आसपास जो जल स्त्रोत है उन्हें बचाने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए साथ ही एक पेड़ अवश्य लगे ताकि जल संरक्षण एवं ऊर्जा संरक्षण में सभी का योगदान हो सके।

# खेड़ला में जल संवर्धन हेतु सोक पिट बनाने के लिए किया भूमिपूजन

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**



ग्राम खेड़ला में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत सरपंच सचिव के द्वारा ग्राम के मुख्य मार्ग पर फैले कचरे की सफाई कराई गई। ग्राम में हेडपंप के पास सोक पिट निर्माण के लिए भूमिपूजन किया गया। जनपद पंचायत के ब्लाक समन्वयक रामकुमार गौर ने बताया कि ग्राम पंचायतों में हेंडपंप के पास सोक पिट अथवा लीच पिट का निर्माण कराया जाता है, जिससे कि हेंडपंप से निकलने वाले पानी से जल भराव नहीं हो। जो अतिरिक्त पानी बहते रहता है उससे रीचार्ज होते रहता है। उन?होनें बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ऐसे हेंडपंप जहां पानी बह रहा है, उस जगह का चिन्हांकन कर लीच पिट अथवा सोक पिट का निर्माण करा रहे हैं। ग्राम खेड़ला में सरपंच प्रभा बाई परसराम यादव, सचिव वंदना चौरे, सहायक सचिव अनिल मेहरा, ग्राम के समाजसेवी उमाशंकर मीना एवं अन्य ग्रामवासियों के द्वारा ग्राम को साफ सुथरा रखने के लिए समय समय पर कार्य किये जा रहे हैं इसी तारम्या में आज गांव की सफाई कराई गई।

# भजन संध्या में गूंजे शनिदेव के जयकारे, कलाकारों ने बांधा समां



**इटारसी, दोपहर मेट्रो।**

न्याय के देवता भगवान शनिदेव के जन्मोत्सव के पश्चात शनिवार देर रात भजन संध्या एक शाम शनिदेव के नाम का आयोजन सूखा सरोवर पुरानी इटारसी में किया गया। जनसहयोग से 26 वें वर्ष में आयोजित भजन संध्या में मां के बेटे जागरण समिति द्वारा सर्वप्रथम शनिदेव की महाआरती की गई। करणी सेना परिवार इस आरती का यजमान बनी।

महाआरती के बाद ग्रुप संचालक आलोक शुक्ला ने देव आह्वान व गणेश वंदना की प्रस्तुति दी। श्रीमती वीणा ठाकुर द्वारा शनि देव की स्तुति शनिदेव भजन शनिदेव को तिल तेल चढ़ाओ, शनि का जादू चल गया गाकर शनिदेव जी की महिमा बताई। इस अवसर पर मंच से जबलपुर से आए कलाकार पुनीत लांझे ने शनि के चरित्र की प्रस्तुति दी। झांकी में शनिदेव के रूप में आकाश मालवीय ने श्रद्धालुओं को भगवान शनिदेव के दर्शन कराए। रविंद्र जैन फेम आमंत्रित कलाकार नीलम सिंह यादव ने जैसे ही माइक पर रामायण चौपाइयां, शनि भजन, राम जी की सेना चली रविन्द्र जैन की हूबहू आवाज में गाया। मैदान पर उपस्थित धर्मप्रेमी जनता भक्ति भाव में सराबोर हो गई।

**मेट्रो एंकर**

### एपीसी ने जमीन की उर्वरता बढ़ाने के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरक उपयोग करने की सलाह दी

# नर्मदापुरम जिला बासमती धान के उत्पादन की ओर बढ़ रहा : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।**

शनिवार को भोपाल के अपेक्स बैंक के समन्वय भवन में एपीसी की अध्यक्षता में भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग की कृषि एवं इससे सम्बद्ध विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में एपीसी एसएन मिश्रा, अपर मुख्य सचिव किसान कल्याण तथा कृषि विकास अशोक बर्नवाल, आयुक्त सह संचालक एम सेल्वेंद्रम, संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग डॉ पवन कुमार शर्मा आदि अधिकारियों के साथ शासन स्तर के समस्त कृषि एवं इससे सम्बद्ध विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। नर्मदापुरम जिले से कलेक्टर सोनिया मीना एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एस एस रावत भी बैठक में उपस्थित रहे।

नर्मदापुरम जिले की समीक्षा के दौरान यह संज्ञान में आया कि इस जिले में डीएपी उर्वरकों का उपयोग अनुशंसित मात्रा से डेढ़ गुना के लगभग अधिक हो रहा है। जिससे जमीन की उर्वरक क्षमता धीरे-धीरे कम होती जा रही है और लगातार किसान अत्यधिक मात्रा में डीएपी उर्वरक का उपयोग कर रहे हैं। डीएपी उर्वरक में नत्रजन तो कम मात्रा में होता है परंतु फास्फोरस तत्व ज्यादा मात्रा में होता है। जिससे फसलें नाइट्रोजन उर्वरक का तो उपयोग कर लेती है परंतु फास्फोरस तत्व एक ही स्थान पर जमीन में पड़ा रहता है जिससे फसल के पौधे इस तत्व का संपूर्ण उपयोग नहीं कर पाते हैं और जमीन में फास्फोरस अधिक मात्रा में संग्रहित होने के कारण जमीन की उर्वरक क्षमता धीरे-धीरे कम होती जाती है। इसका सबसे अच्छा उपाय यह है कि डीएपी उर्वरक के स्थान पर किसानों को एनपीके उर्वरक उपलब्ध कराया जाए जिससे कि उनकी फसलों का उत्पादन तो अधिक होगा ही और जमीन भी खराब नहीं होगी। एनपीके उर्वरक में सभी तत्व समान मात्रा में होते हैं और फसल की आवश्यकता के अनुसार मात्रा में होने के कारण फसल इसका संपूर्ण उपयोग कर लेती है। जिस की अतिरिक्त तत्व जमीन में संग्रहित नहीं होता है और फसल की उत्पादकता भी अच्छी होती है।




एपीसी द्वारा निर्देश दिए गए एनपीके उर्वरक की उपलब्धता सभी सहकारी समितियां में एवं जिले के डबल लॉक केंद्रों में पर्याप्त रूप से हो। बैठक में नर्मदापुरम जिले की समीक्षा के दौरान कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अवगत कराया गया कि खरीफ मौसम में नर्मदापुरम जिले में धीरे-धीरे बासमती धान का क्षेत्रः बढ़ रहा है और किसानों को बासमती धान की कीमत भी मंडी में अच्छी प्राप्त होती है। इस पर यह निर्देश दिए गए की किसानों द्वारा बासमती धान के क्षेत्र में वृद्धि तो की जानी चाहिए परंतु बासमती धान की कम अवधि में पकने वाली किस्म और सीड ड्रिल से सीधे बोनी की जानी चाहिए जिससे कि जमीन को मचाने से वह कठोर होगी और ट्रांसप्लांट के लिए मजदूर की आवश्यकता नहीं होगी और जमीन में कठोरता भी नहीं आएगी धान की फसल भी समय पर पक कर तैयार हो जाएगी तो किसान आगामी रबी मौसम में समय पर गेहूं की फसल भी ले सकेंगे और नरवाई को जलाने के स्थान पर उसको जमीन में दबाकर इससे खाद भी बनाने के लिए पर्याप्त समय किसानों को मिल सकेगा। फसलों की सीधी बोनी किए जाने के लिए सुपर सीडर अथवा हैप्पी सीडर का अधिक से अधिक उपयोग करने पर भी जोर दिया गया इन यंत्रों की सहायता से किसान पिछली फसल की नरवाई को सरलता से जमीन में ही अवशेष को दबाकर आगामी फसल की बोनी कर सकते हैं जिससे कि खेत में खरपतवार और घास का भी संक्रमण नहीं होता है समीक्षा के दौरान यह भी संज्ञान में आया कि नर्मदापुरम जिले में ग्रीष्मकालीन फसल के दौरान मूंग की फसल को पूर्ण परिपक्वता के पहले ही सफाया दवाई का उपयोग करके सुखा देते हैं और फिर हार्वेस्टर से उसकी कटाई करते हैं। यह प्रक्रिया किसानों के लिए सरल तो हो सकती है परंतु जलवायु जमीन एवं पानी पर इन रासायनिक तत्वों के हानिकारक प्रभाव हो सकते हैं। जिसका दुष्प्रभाव मानव एवं पशुओं पर पड़ने की संभावना होगी।

अतः मूंग की फसल को पूर्ण परिपक्व होने पर ही कटाई किए जाने के लिए किसानों को समझाइए देने के निर्देश भी इस बैठक में दिए गए। नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाना भी एक समस्या है हालांकि अब किसानों में इसके लिए जागरूकता आई है और धीरे-धीरे नरवाई जलाने का कार्य किसानों द्वारा कम किया जा रहा है। परंतु फिर भी जिले के कुछ क्षेत्र में किसान नरवाई को जला रहे हैं। नरवाई जलने से खेतों की उर्वरक क्षमता कम होती है और खेत में जो लाभदायक जीवाणु होते हैं जो फसल को पोषक तत्व प्रदान करने का कार्य करते हैं उनका भी नाश होता है। इस पर भी किसानों में जागरूकता लाए जाने के निर्देश बैठक में दिए गए। नर्मदापुरम जिले में आगामी खरीफ मौसम में फसल बार रखने की स्थिति के संबंध में कलेक्टर सोनिया मीना द्वारा अवगत कराया गया जिले में खरीफ फसलों के लिए पर्याप्त मात्रा में उन्नत बीज की उपलब्धता और आवश्यक मात्रा में उर्वरक की उपलब्धता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई उक्त बैठक में कृषि के साथ-साथ उद्यानिकी सहकारिता पशुपालन विभाग मछली पालन विभाग एवं इसके सहभाग्य विभागों की भी समीक्षा वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा की गई नर्मदापुरम जिले से इस बैठक में संयुक्त संचालक कृषि बी.एल बिलैया, उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ एवं अन्य विभागों के जिला अधिकारी भी उपस्थित रहे।



### भौरिया की पुलिया का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों हो रही परेशानी

# ठेकेदार एक साल में भी नहीं कर पाया काम, जिम्मेदार बेखबर

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विकासखंड में लापरवाही से काम करने ठेकेदारों पर अंकुश नहीं होने के कारण नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र की जनता जनार्दन को बरसात के दिनों में मुश्किलों का सामना करना पड़े जिम्मेदारियां के द्वारा भी अधूरे पड़े निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करवाने के लिए धरातल पर काम नहीं कर रहे हैं तथा घटिया काम करने वाले ठेकेदारों पर भी किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है इस वजह से हालात बिगड़ते जा रहे हैं ।नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका अधिकारी की लापरवाही से सड़के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ रही है। इनकी अनदेखी की सजा आम जनता को भुगतनी पड़ेगी ग्रामीण अंचलों के हालात भी ऐसे ही दिखाई दे रहे हैं। जबकि कई बार क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा मंचों के माध्यम से जिम्मेदार अधिकारियों को निर्माण कार्यो को समय सीमा के अंदर गुणवत्ता के साथ करवाने के सख्त चेतावनी दे चुके हैं, पर उनकी हिदायत का असर भी अधिकांश बिभागो के अधिकारियों पर होता हुआ दिखाई नहीं दे रहा है। तभी तो नगर की सड़कों के निर्माण कार्य भी अधूरे पड़े हुए हैं कई मार्गो को तो कई साल बीत चुके हैं पर वह पूर्ण होते हुए नहीं नजर आ रहे हैं । घटिया काम भी किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री सड़क योजना में जिम्मेदार नहीं दे रहा है ध्यान - इसी तरह ग्रामीण अंचलों जोड़ने वाली सड़कों के निर्माण लापरवाही दिखाई दे रही है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी निर्माण देखने के लिए आते नहीं इस वजह से ठेकेदारों के द्वारा अपने हिसाब से गुणवत्ता बिहीन काम किया जा रहा है साथ ही लापरवाही की जा रही है तभी तो 1 साल का समय बीतने वाला है पर भौरिया की पुलिया का निर्माण नहीं होने से ग्रामीणों की चिंताएं बड़ी हुई है क्योंकि अभी बारिश का दौर प्रारंभ होते ही मार्ग बंद हो जाएगा तो इनका शहर से संपर्क भी कट जाएगा ऐसा डर इनको को सता रहा है । गरेठ को जाने वाले मार्ग पर भी लापरवाही की जा रही है कई जगह इतना घटिया कार्य की जा रहा है कि कुछ दिनों में ही सड़क गढ़ों में तब्दील हो रही है। दूसरी ओर भौरिया की पुलिया का निर्माण 1 साल के अंदर भी ठेकेदार नहीं कर पाया है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क के इंजीनियर के पास तो इतना भी समय नहीं है कि वहां मार्ग की जांच करने आ सके। इसी बात का फायदा उठाकर ठेकेदारों के द्वारा अपने हिसाब से कामों को किया जा रहा है तभी तो यह काम इतने समय में भी नहीं हो पाया है। यदि अधिकारी सड़क के निर्माण की जांच करने के लिए पहुंचते तो काम हो जाता ग्रामीणों का कहना है कि कई बार हम लोग सड़क के निर्माण के साथ पुलिया बनवाने की मांग कर चुके हैं पर हमारी मांग पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ठेकेदार के द्वारा लापरवाही की जा रही है जल्दी ही पुलिया का निर्माण करवाया जाए । गांव वालों ने इस और वरिष्ठ अधिकारियों से ध्यान देकर पुलिया बनवाने की मांग की है। मनोहर, कैलाश, राकेश आदि ने बताया की पुलिया का काम कई दिनों से इसी तरह अधूरा पड़ा हुआ इस वजह से हम लोगों को परेशानी हो रही है । पानी गिरने से पहले पुलिया का काम पूर्ण हो जाएगा तो हम लोगों को बरसात में समस्या नहीं होगी।

**इनका कहना है -**

*प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारियों को निर्देशित करके सड़क ठेकेदार से शीघ्र ही पुलिया का निर्माण करवाया जाएगा।*

***हर्षल चौधरी,** एसडीएम सिरोंज*

# भीषण सड़क हादसा: बाईक व लोडिंग वाहन की भिडंत, बाइक चालक की मौत



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



शनिवार की रात्रि 8 बजें के आसपास सिरोंज-भोपाल रोड पर ग्राम चौडाखेडी के समीप मोटरसाइकिल व लोडिंग वाहन की जोरदार भिंडत हुई। हादसें के बाद लोंडिग चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कुछ ही क्षणों में मोटरसाइकिल धूं-धूं कर जल उठी। साथ ही लोडिंग वाहन में भी आग लग गई। सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वही बाईक पर पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को देखते ही आसपास के लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई और पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक व घायल व्यक्ति को उपचार के लिए शासकीय राजीव गांधी चिकित्सालय भेंजा गया। जहां डॉक्टरों ने उक्त व्यक्ति की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर पुलिस मामलें की जांच में जुटी।

### फायर बिग्रेड की मदद से पाया आग पर काबू

भीषण सड़क हादसे के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो तरफ से मार्ग को कुछ देर के लिए पूरी तरह बंद कर दिया। बाईक व लोडिंग वाहन की टक्कर के बाद लगी भीषण आग को देखते हुए पुलिस ने सिरोंज से फायर बिग्रेड बुलाई गई। वही लगभग आधें घण्टें मशक्कत के बाद पुलिस व फायर बिग्रेट द्वारा दोनो वाहनो में लगी आग पर काबू पाया गया। आसपास मौजूद नागरिक ने बताया कि यदि समय रहते फायर बिग्रेड द्वारा आग पर काबू नही पाया गया होता तो लोडिंग वाहन का पेट्रोल टेंक भी फट सकता था।

### दर्शन कर वापस लौट रहें थे बाइक चालक

भीषण सड़क हादसे में मृत्यु हुई बाइक सवार सोंतार टपरे निवासी दोनो व्यक्ति ग्राम वीरपुर स्थित महामाई माता मंदिर दर्शन के लिए गए है। जब वह दर्शन के करने बाद वापस अपने घर लौट रहें थें तभी भोपाल की ओर से तेज रफ्तार लोडिंग वाहन ने बाईक को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें सोंतार टपरे निवासी 23 वर्षीय राकेश बागड़ी की मौके पर ही मौत हो गई। साथ ही बाईक पर पीछे बैठे 40 वर्षीय गोरेलाल बागड़ी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल विदिशा भेंजा गया।

### नमामि गंगे परियोजना, जल गंगा संवर्धन अभियान तहत

# नगरीय निकायों व ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्त्रोतों का जीर्णोद्वार कार्य जारी





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नमामि गंगे परियोजना के जल गंगा संवर्धन अभियान तहत जिले के सभी नगरीय निकाय क्षेत्र एवं जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में अभियान के दौरान जल संरक्षण के लिए नदी, बावड़ी तालाबों स्टॉप डैम, कपिलधारा कूप, खेत तालाब, सामुदायिक तालाब, चेकडेम, सहित अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु विशेष प्रयास जारी हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज जिले की विभिन्न जनपद पंचायतों में जल संवर्धन के कार्यों का संपादन किया गया है। विदिशा नगरीय क्षेत्र में आज बेतवा नदी के घाटों पर जलकुंभी को साफ करने का कार्य शुरू किया गया है। नगर पालिका सीएमओ श्री धीरज शर्मा ने बताया कि नपा कर्मियों द्वारा बेतवा नदी में फैली जलकुम्भी, पॉलिथिन सहित अन्य सामग्री को साफ करने का कार्य किया गया है। इस कार्य में आम नागरिकों ने भी श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभाई है। बेतवा नदी से जलकुम्भी को साफ करने का कार्य सतत जारी रहेगा। बेतवा नदी के घाट सुंदर बने तथा नदी का पानी शुद्ध और शीतल बना रहे इसके लिए विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही साथ नगर पालिका परिषद कुरवाई में भी जल स्त्रोतों को साफ-स्वच्छ करने का कार्य जारी है। नगर पालिका सीएमओ श्री यासिर अंसारी ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान तहत शहर के विभिन्न वार्डों में स्थित जल स्त्रोतों को साफ करने का कार्य जारी है। आज वार्ड क्रमांक 3 में बीना रोड स्थित तालाब को साफ करने का कार्य शुरू कराया गया हैं नगर पालिका के कर्मियों द्वारा तालाब में जल संग्रहण हो इसके लिए तालाब और उसके आसपास के क्षेत्र को साफ किया गया है यह कार्य भी जारी रहेगा।

इसी प्रकार अभियान अवधि में जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में भी जल स्त्रोतों को साफ-स्वच्छ करने के साथ-साथ उनकी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है आज ग्यारसपुर क्षेत्र में मानसरोवर तालाब के गहरीकरण, बासौदा जनपद के ग्राम दाउद में कुंड की सफाई, ग्राम पंचायत काछीखेड़ा में शॉकपिट कार्य, ग्राम पंचायत डिडोली में कूप निर्माण, ग्राम पंचायत दीपनाखेड़ा में हैंडपंप की मरम्मत, ग्राम कौंदूपुर में हौदी निर्माण, सिरोंज जनपद के विभिन्न ग्रामों में तालाब व नालियों की सफाई का काम किया गया।

# राष्ट्रीय लोक शिकयत व जांच आयोग के सदस्य बने :डॉ. जैन

**सिरोंज।** वरिष्ठ समाजसेवी एंव विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं में प्रमुख पदों पर रहकर कार्य करने वाले मानव अधिकार सुरक्षा एंव स्वास्थ्य संगठन भारत के अध्यक्ष डॉ ए के जैन को हाल ही में राष्टीय लोक शिकायत एंव जांच आयुक्त विदिशा जिला का सदस्य नियुक्त किया गया। यह नियुक्त आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित गुप्ता द्वारा की गई है। श्री जैन की इस नियुक्ति पर पत्रकार महासंघ सिरोंज के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि डॉ ए के जैन को आयुक्त का सदस्य बनाए जाने पर विदिशा जिला गौरंवित है। डॉ श्री जैन वर्षो से विभिन्न सामाजिक सगंठनो एंव जैन के अलावा लगातार स्वास्थ्य से संबंधित निशुल्क शिविरो का आयोजन कर हजारो मरीजो को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिला चुकें है। डॉ ए के जैन अपनी मेडिकल प्रैकटिस करते हुए भी सेकेडों मरीजो को निशुल्क रूप से दवाईओं के साथ परामर्श देते रहें है। आयुक्त के नवयुक्त सदस्य डॉ ए के जैन ने बताया कि आयुक्त के मुख्य उद्देश्य जनहित की शिकायतो को एकत्रित कर उच्च अधिकारियों व शासन को प्रेसित उनका निराकरण करना है। साथ ही जनहित में जांच कराकर शिकायतो को भारत सरकार की जांच एजेंसी द्वारा जांच कराना तथा देश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून प्रक्रिया के तहत समस्याओं का निराकरण कर शासन का सहयोग करना आदि शामिल है। इस अवसर पर पत्रकार महासंघ सिरोंज के अध्यक्ष राजीव जैन सैनानी के अलावा सिरोंज के विभिन्न संगठनो के साथ जैन समाज के विभिन्न संगठनो ने श्री जैन का स्वागत व सम्मान किया।



# ट्रैक्टर-ट्रॉली व मैजिक वाहनों पर लटकते हुए लोहे पर नहीं लगाए जाते सांकेतिक निशान

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**



नगर में सड़क के आसपास संचालित बिल्डिंग मटेरियल सप्लायरों की दुकान के सामने रेत, गिट्टी और लोहा सरिया का स्टॉक रखा रहता है। सप्लायर सड़क पर वाहन लगवाकर सामग्री लोड करवाते हैं, तो दूसरी तरफ ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित अन्य वाहनों में लोहा रखकर तेज रफ्तार से दौड़ाए जा रहा है। असुरक्षित तरीके से रखे लोहा-सरिया के कारण सड़क से निकल रहे दूसरे वाहन चालक सहित राहगीरों को खासी असुविधा होती है। इस दौरान लोहे की छड़ वाहन से बाहर निकलने से सड़क पर चलना खतरों भरा हो रहा है। लेकिन स्थानीय प्रशासन द्वारा इस तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा। ट्रैक्टर-ट्रॉली और मैजिक वाहनों पर लटकते हुए लोहे पर कोई सांकेतिक निशान नहीं लगाए जाते। ऐसे वाहनों के आवागमन से हर पल दुर्घटना होने का अंदेशा बना रहता।

# पीएम के लाइव प्रसारण के लिए लगाई गई एलईडी को आईसर ट्रक ने किया क्षतिग्रस्त



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा छतरी नाके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल का शपथ ग्रहण समारोह लाइव दिखाने के लिए बड़ी एलइडी के साथ व्यापक व्यवस्था की गई थी सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर दिखाने के लिए लगाई गई एलईडी को भी आईसर लोडिंग वाहन के चालक ने लापरवाही से चलते हुए तोड़ दिया इसके बाद यहां पर काफी देर तक विवाद हुआ पीएम के लाइव प्रसारण को दिखाने के लिए फिर से व्यवस्था जुटा गई। नगर मंडल अध्यक्ष पारस कारण ने बताया लोडिंग ट्रक ने तोड़ दिया था लेकिन हमने दोबारा से बड़ी एलइडी और सभी व्यवस्थाएं करवा कर पीएम के शपथ ग्रहण को लाइव प्रसारण दिखाने का इंतजाम किया जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ लोग पीएम के लाइव शपथ ग्रहण समारोह को देखने के लिए मौजूद रहे। दूसरी ओर ट्रक के द्वारा एलईडी आदि तोड़ने के बाद दोनों पक्षों के बीच में काफी देर तक विवाद हुआ फिर राजीनामा भी हो गया । थाना प्रभारी संदीप सिंह पवार ने कहा कि आईसर लोडिंग ट्रक के द्वारा टक्कर मार दी थी पर दोनों पक्षों के बीच में राजीनामा होगा इसलिए कोई प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है । वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं ने और टेंट संचालक ने कड़ी मशक्कत के व्यवस्था जुटाई।

**मेट्रो एंकर** | मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज से आर्शीवाद लेने पहुचा जैन समाज का प्रतिनिधि मण्डल

# मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर समाजजनों ने प्रांरभ किया मंदिर निर्माण कार्य





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

नगर में छत्री नाका चौराहा स्थित जैन समाज द्वारा मुनि सुव्रत नाथ जिनालय के निर्माण को लेकर छत्री नाका स्थित निवारत जैन समाजजनों में एक अजीब ही उत्साह देखा जा रहा है। इस मंदिर निर्माण कार्य को लेकर छत्री जैन मंदिर के एक प्रतिनिधि मण्डल दमोह पहुचकर सिरोंज जैन समाज के उधारक व मार्गदर्शक,निर्देशक मुनि श्री 108 सुधा सागर महाराज से आर्शीवाद प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि छत्री जैन मंदिर दो मंजिला बनेगा। जिसमें प्रथम तल पर भगवान शांतिनाथ,भगवान अरनाथ,भगवान कुंथुनाथ एंव द्वितीय तल पर भगवान आदिनाथ,भगवान बाहुबलि,भगवान भरत की मूर्तियों की स्थापना होगी। मुनि श्री के आर्शीवाद के बाद उक्त मंदिर का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया गया। जैन समाजजनों ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर सिरोंज आवागमन के लिए आमत्रिंत किया। साथ ही मंदिर का नाक्शा सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी मुनि श्री को दी। जिस पर मुनि श्री नें समाजजनों को मंदिर निर्माण के लिए आर्शीवाद दिया। वही पचखनी जैन मंदिर द्वारा पूज्य मुनि श्री 108 अजीत सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में श्री 1008 सिद्ध चक्र महामण्डल विधान बालब्राम्चारी प्रदीप भैया अशोकनगर के मंगल सांनिध्य में सम्पन्न हुआ। जिसकी जानकारी भी मुनि श्री को दी गई। इस अवसर पर छत्री मंदिर के सदस्य सौरभ जैन गुलाबगंज,अतुल जैन भूपत,दिनेश जैन,संजय जैन,कपिल जैन,विवेक जैन,अभय जैन दालमील,रमेश जैन कक्का,सोनू जैन आदि मौजूद रहें।


## मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग (अधीक्षण शाखा) मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

दूरभाष क्र. - 0755-2512077, 2512076

क्रमांकः एफ/56/ GAD /56-0005/2023/12-1/ नाजिर — भोपाल, दिनांक 05/06/2024

**//ई-निविदा सूचना//**

मध्यप्रदेश राज्य शासन सामान्य प्रशासन विभाग ( अधीक्षण शाखा ) अंतर्गत होने वाले शासकीय कार्यक्रम जैसे वन्दे मातरम्, सद्भावना दिवस आदि एवं कार्यालयीन उपयोग साजसज्जा हेतु फूल, फूलमाला, बुके आदि संबंधित सामग्री क्रय करने हेतु द्वितीय ऑनलाईन ई-निविदाएं ई-प्रोक्योरमेंट प्रोर्टल https://mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | ऑन लाईन निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं निविदा प्रोसेसिंग फीस | रूपये 1000/---+ प्रोसेसिंग शुल्क |
| 2 | निविदा फार्म ऑलन लाईन क्रय करने की प्रारंभ तिथि व समय | दिनांक 11/06/2024 एवं समय अपरांह 12:30 बजे से |
| 3 | निविदा फार्म ऑलन लाईन क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | दिनांक 03/07/2024 एवं समय अपरांह 12:30 बजे से |
| 4 | निर्धारित अवधि से प्राप्त ऑनलाईन निविदाओं को खोलने की की तिथि एवं समय | 1. **टेक्निकल बिड-** दिनांक 05/07/2024 समय : मध्यान्ह 12:00 बजे<br>2. **फायनेंशियल बिड-** दिनांक 05/07/2024 समय : मध्यान्ह 12:30 बजे |
| 5 | प्राप्त निविदाएं खोले जाने का स्थान | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक -116 (समिति कक्ष) |
| 6 | निविदाओं को खोलते समय निविदाकारों की उपस्थिति प्रार्थनीय है। | मंत्रालय स्थित कक्ष क्रमांक -116 (समिति कक्ष) |

ई- निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न किया जाकर न दिया जाकर वेबसाईट पर ही जारी किये जायेंगे। निविदा की विस्तृत शर्तें एवं जानकारी उपरोक्त वेबसाईट के माध्य से प्राप्त की जा सकती है। G-11397/24

**उप सचिव (अधीक्षण)**
**मध्यप्रदेश शासन**
**सामान्य प्रशासन विभाग**



# बुमराह ही काफी है

## टी-20 में एक बार फिर पाकिस्तान पस्त, पंत की अतरंगी बैटिंग, कीपिंग बुमराह के हर ओवर ने मैच पलटा

**न्यूयार्क, एजेंसी**

भारत ने एक बार फिर वर्ल्ड कप में पाकिस्तान पर असंभव जीत दर्ज की। टी-20 मैच में पाकिस्तान जैसी टीम को 120 रन ना बनाने देने की चुनौती थी। टीम इंडिया ने ऐसा करके दिखा दिया। यह रिकॉर्ड जीत है। इससे पहले कभी इंडिया ने टी-20 इंटरनेशनल में इतना छोटा स्कोर डिफेंड नहीं किया था। इंडिया की जीत के बाद विराट या रोहित का नाम नहीं गूंज रहा है। जीत के हीरोज बदल गए हैं। अब ऋषभ पंत की अतरंगी बैटिंग की चर्चा है। बुमराह की बॉलिंग ने चौंका दिया है। अक्षर पटेल का एक ओवर विनिंग फैक्टर बन गया। टी-20 वर्ल्ड वर्ल्ड के 8 मुकाबलों में भारत ने 7वीं बार पाकिस्तान को हराया। जीत के बाद इंडियन फैंस की खुशी सातवें आसमान पर है और वो कह रहे हैं...हम फिर जीत गए। यह मैच न्यूयॉर्क के नसाउ स्टेडियम में खेला गया, जहां की पिचें बल्लेबाजों के लिए बुरा सपना बन चुकी हैं। नसाउ में भारत-पाकिस्तान मुकाबले समेत 5 मैच हो चुके हैं। इनमें से 3 मैच चेज करने वाली टीम जीती हैं।

### पाकिस्तान हार की वजहें

खराब फील्डिंग, 4 कैच टपकाए पाकिस्तान की फील्डिंग खराब रही। भारतीय पारी के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने 4 कैच टपकाए, इनमें से 3 कैच ऋषभ पंत के छूटे। पहला कैच तब छूटा जब पंत 8 रन पर थे। अगर कैच पकड़ा जाता तो टीम इंडिया 119 तक पहुंच ही नहीं पाती। पाकिस्तान की स्लो-बैटिंग पाकिस्तान 120 रन चेज कर रही थी। जरूरत थी पावर प्ले में तेजी से रन बनाने की, ताकि टारगेट तक आसानी से पहुंचा जा सके। पावर प्ले में पाकिस्तान ने सिर्फ 35 रन बनाए।

### मैच के हीरो बने बुमराह

पहला ओवर इस मैच से पहले जसप्रीत बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ टी-20 वर्ल्ड कप में सिर्फ 2 मैच खेले थे। 7 ओवर फेंके और 54 रन दिए थे। नसाउ में बुमराह को तीसरे ओवर में गेंद दी गई। तब तक इंडिया को कोई सफलता नहीं मिली थी। बुमराह ने तेज रफ्तार गेंद फेंकी और रिजवान ने फाइन लेग पर शॉट खेला, यहां फील्डिंग कर रहे शिवम दुबे ने कैच छोड़ दिया। दूसरा ओवर बुमराह दूसरा और टीम का 5वां ओवर फेंक रहे थे। बाबर ने चौका भी जमा दिया था, लेकिन बुमराह जाल बुन चुके थे। तेज रफ्तार बॉल फेंकी, जो इन स्विंग हुई और बाबर के बल्ले का एज लेते हुए सूर्यकुमार के हाथों में चली गई। पावर प्ले में भारत को पहली सफलता मिली। तीसरा ओवर 14 ओवर हो चुके थे। पाकिस्तान ने 3 विकेट खोकर 80 रन बना लिए थे, जीत महज 40 रन दूर थी। रिजवान क्रीज पर थे। बुमराह आए और पहली ही गेंद पर रिजवान को क्लीन बोल्ड कर दिया। जबरदस्त इनस्विंग के आगे रिजवान फेल हो गए थे। ये वही मोमेंट था, जब टीम इंडिया ने मैच में वापसी की।

### टेबल-टॉपर है अफ्रीकन टीम

## टी-20 वर्ल्ड कप में आज साउथ अफ्रीका का मैच बांग्लादेश से



**नईदिल्ली, एजेंसी**

टी-20 वर्ल्ड कप में आज बांग्लादेश का सामना ऐसी टीम से है, जिसे वो टी-20 इतिहास में अब तक हराने में नाकाम रही है। बांग्लादेश आज के मुकाबले में साउथ अफ्रीका का सामना करने उतरेगी। दोनों टीमों को अपने पहले वर्ल्ड कप ट्रॉफी का इंतजार है। टी-20 फॉर्मेट में साउथ अफ्रीका और बांग्लादेश के बीच 8 मुकाबले खेले गए हैं। सभी साउथ अफ्रीका ने जीते हैं। वहीं दोनों टीमें टी-20 वर्ल्ड कप में 3 बार आमने-सामने हुई हैं। इसमें भी सभी मैच अफ्रीकन टीम ने जीते हैं।

### मैच की अहमियत

टी-20 वर्ल्ड कप 2024 में साउथ अफ्रीका का तीसरा मैच है। वहीं, बांग्लादेश का दूसरा। दोनों टीमों ने अपने शुरुआत मैच जीत लिए हैं। साउथ अफ्रीका ग्रुप-डी में 2 जीत के बाद 4 पॉइंट्स के साथ टॉप पर है। वहीं बांग्लादेश श्रीलंका को हराने के बाद 1 जीत के बाद 2 पॉइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर है। दोनों टीमों की कोशिश होगी आज का मैच जीतकर सुपर-8 में अपनी दावेदारी मजबूत कर लें।

### टॉस का रोल

बल्लेबाजों को इस मैदान पर काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। पेसर्स को शुरुआत में मूवमेंट मिलेगा, वहीं बीच के ओवरों में स्पिनर उपयोगी साबित हो सकते हैं। टॉस जीतने वाली टीम पहले बैटिंग करना पसंद करेगी। पिछले 12 महीनों में रीजा हेंड्रिक्स ने साउथ अफ्रीका के लिए शानदार बल्लेबाजी की है। उन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाए हैं। उन्होंने 10 मैचों में 292 रन बनाए हैं। इसमें 2 अर्धशतक शामिल है। हालांकि इस वर्ल्ड कप के 2 मैचों में महज 7 रन बना सके हैं। पिछले 12 महीनों में टीम के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी हैं।




### मेट्रो बाजार

## भारत सोना खरीदी में पूरी दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा खरीदार

**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय रिजर्व बैंक ने मई में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सोना खरीदार रहा। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के मुताबिक, बीते माह भारत ने करीब 722 करोड़ रुपए का सोना खरीदा। सिर्फ स्विटजरलैंड और चीन ने भारत से ज्यादा गोल्ड खरीदा। बीते 5 वित्त वर्षों में भारत ने अपने गोल्ड रिजर्व में करीब 204 टन सोने की बढ़ोतरी की। मार्च 2019 में देश का गोल्ड रिजर्व 618.2 टन था, जो 31 मार्च 2024 को 33 फीसदी बढ़कर 822.1 टन हो गया। हालांकि, इस दौरान सोने की कीमतों में करीब 70 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।




सोने की बढ़ती कीमतों की वजह से बीते माह ग्लोबल गोल्ड मार्केट में औसत दैनिक ट्रेडिंग वॉल्यूम 18 लाख करोड़ रुपए रहा। यह अप्रैल 2024 की तुलना में 13 फीसदी कम, लेकिन 2023 के औसत 13.6 लाख करोड़ रुपए रोजाना से 32.51 फीसदी ज्यादा है। मई में लगातार तीसरे महीने सोने की कीमतें घटी पर देश में जेवराती सोना (22 कैरेट) 773 रुपए प्रति 10 ग्राम घटकर 65,872 रुपए पर आ गया। 24 कैरेट सोना का भाव भी 844 रुपए घटकर 71,913 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। ग्लोबल गोल्ड में मई में निवेश में बढ़ोतरी हुई। इसके साथ ही बीते 12 महीने से जारी गिरावट का सिलसिला थम गया। यूरोप, एशिया की गोल्ड निवेश में भूमिका रही, जबकि अमेरिका और अन्य क्षेत्रों में मामूली निकासी की गई। आमद और सोने की ऊंची कीमत से प्रेरित होकर मई में कुल एयूएम मासिक आधार पर 2 फीसदी बढ़कर करीब 19.5 लाख करोड़ रुपए के स्तर पर पहुंच गया। यदि किसी देश की करेंसी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कमजोर होती है, तो सोने का भंडार उस देश की क्रय शक्ति और उसकी आर्थिक स्थिरता को बनाए रखने में मदद करता है।

## इस साल बिक सकते हैं रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के कारण इस साल देशभर में रिकॉर्ड 1.4 करोड़ एयर कंडीशनर (एसी) बिक सकते हैं। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा, मई में एसी की रिकॉर्ड बिक्री हुई है। गर्मी में बिक्री में 30-40 फीसदी बढ़ सकती है। कन्ज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एवं अप्लायंसेज मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सिएमा) के अध्यक्ष सुनील वाचानी ने कहा कि बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत बना दिया है। बाजार विकसित होने के साथ उम्मीद है कि देश में सालाना बिक्री करीब 1.4 करोड़ इकाई होगी, जो क्षेत्र के मजबूत विस्तार को बताती है। वाचानी ने कहा, बढ़ते तापमान और गर्म हवाओं ने अब शहरी क्षेत्रों में घरेलू एसी को अनिवार्य जरूरत बना दिया है।

## इंडियन फाइटर की जीत, एसएसडी इलेवन, कृति किंग्स और लक्ष्य नशामुक्ति केन्द्र भी अगले दौर में

**इटारसी, दोपहर मेट्रो**



गांधी स्टेडियम में चल रही रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता इटारसी प्रीमियर लीग में रविवार शाम को पहला मैच इंडियन फाइटर क्लब ने जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। पहला मैच इंडियन फाइटर क्लब और साईंकृष्णा राइडर्स के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए साईंकृष्णा राइडर्स ने निर्धारित 8 ओवर्स में 3 विकेट के नुकसान पर 51 रन बनाये। जवाब में खेलते हुए इंडियन फाइटर की टीम ने 5.2 ओवर में ही 2 विकेट के नुकसान पर 55 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले कल देर रात तक खेले गये मैच में एसएसडी इलेवन ने केएन ग्रुप को 8 विकेट से, कृति किंग्स ने साईंकृष्णा राइडर्स को 13 रनों और लक्ष्य नशामुक्ति केन्द्र की टीम ने वर्धमान वारियर्स को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। उल्लेखनीय है कि प्रतियोगिता में पहला पुरस्कार 21 हजार रुपए एवं ट्राफी मिहानी ब्रदर्स की ओर से अनिल मिहानी द्वारा अपने पिता किशनचंद मिहानी की स्मृति में और दूसरा पुरस्कार 15 हजार रुपए और ट्राफी रोहित बवेजा की ओर से उनके पिताश्री प्रमोद बवेजा की स्मृति में प्रदान की जाएगी।

### नार्वे शतरंज: कार्लसन और जू वेनजुन ने जीता खिताब

## नाकामुरा को अंतिम दौर में हरा तीसरे स्थान पर रहे प्रग्गनानंदा

**स्टावेंजर, एजेंसी**

मैग्नस कार्लसन और चीन की जू वेनजुन ने अपने ख्याति के मुताबिक प्रदर्शन करते हुए नार्वे शतरंज में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। 65 हजार डॉलर इनामी राशि वाली प्रतियोगिता में नार्वे के कार्लसन ने कुल 17.5 अंक के साथ अपने अभियान का समापन किया। वहीं, भारत के 19 वर्षीय खिलाड़ी आर प्रग्गनानंदा से आखिरी दौर में हारने वाले हिकारू नाकामुरा 15.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। वहीं, प्रग्गनानंदा 14.5 अंक संग तीसरे स्थान पर रहे। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को चौथा स्थान मिला। टूर्नामेंट में शीर्ष-3 खिलाड़ियों को हराने वाले पहले भारतीय बने। उन्होंने मैग्नर्स कार्लसन और फैबियानो कारूआना के अलावा अंतिम राउंड में नाकामुरा को शिकस्त दी। वहीं हमवतन टिंगजी लेई को हराकर शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने 19 अंक अर्जित किए। भारत की आर वैशाली 12.5 अंक के साथ चौथे व कोनेरू हंपी 10 अंकों संग 5वें नंबर पर रहीं।

### बुडापेस्ट कुश्ती: अंतिम पंघाल-अंशु ने जीता रजत

## भारतीय महिला पहलवानों को फाइनल में मिली हार

**बुडापेस्ट, एजेंसी**

भारतीय पहलवान अंतिम पंघाल और अंशु मलिक ने शुक्रवार को यहां बुडापेस्ट रैंकिंग सीरीज के अपने-अपने फाइनल मुकाबलों में हार के साथ रजत पदक से संतोष करना पड़ा। हांगझाऊ एशियन गेम्स 2023 में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल को महिलाओं की 53 किग्रा भारवर्ग के फाइनल में स्वीडन की जोना मालमग्रेन से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा। वही, 57 किग्रा में अंशु मलिक को फाइनल में 21 वर्षीय चीनी पहलवान केक्सिंग होंग से हार मिली। विश्व नंबर एक पहलवान के खिलाफ अंशु तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर 1-12 से हारीं।

### विनेश ने किया निराश

भारत की अनुभवी और दिग्गज महिला पहलवान विनेश फोगाट ने निराश किया। विनेश 50 किग्रा वर्ग के क्वार्टरफाइनल में चीन की जियांग झू से 0-5 से हार गई और रेपचेज राउंड में जगह नहीं बना सकी। विनेश पेरिस ओलंपिक में जगह बना चुकी हैं।

### मनोरंजन — बॉलीवुड का कोना

## लंदन से छुट्टियां मनाकर लौटीं कैटरीना, प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर लगा विराम

लंदन से लंबी छुट्टी मनाने के बाद अभिनेत्री कैटरीना कैफ वापस भारत लौट आई हैं। कैटरीना की वापसी के बाद उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाहों पर भी विराम लग गया है। कैटरीना कैफ अपने पति विक्की कौशल के साथ लंदन में लंबी छुट्टियों पर गई थीं। इस बीच अभिनेत्री का वहां की सड़कों पर घूमते हुए एक वीडियो भी वायरल हुआ था। वीडियो के वायरल होते ही उनकी प्रेग्नेंसी की अफवाह उड़ने लगी। अब शनिवार की रात, अभिनेत्री वापस भारत लौट आई हैं। अभिनेत्री की वापसी से प्रेग्नेंसी की अफवाहों का भी खंडन हो गया। एक वीडियो में अभिनेत्री को लंबी काली जैकेट और काली पोशाक के साथ देखा जा सकता है। अपनी कार में बैठने से पहले उन्होंने पैपराजी को देखकर हाथ हिलाया और मुस्कुराईं। कैटरीना की वापसी के बाद उनके प्रशंसक काफी खुश और उत्साहित नजर आएं। एक प्रशंसक ने टिप्पणी करते हुए लिखा, 'सुंदर, क्लासी और एलिगेंट।' वहीं, दूसरे ने लिखा, 'तो वह प्रेग्नेंट नहीं है, नफरत करने वालों ने दीपिका की प्रेग्नेंसी पर संदेह किया और उन्होंने कैटरीना के चलने वाले वीडियो पर विश्वास किया।' कई प्रशंसकों ने उन्हें 'रानी' भी कहा। वहीं, एक और यूजर ने कहा, 'वह गर्भवती नहीं है, लेकिन वह चमक रही हैं। सबसे खूबसूरत अभिनेत्री।' कुछ दिनों पहले अभिनेत्री के कुछ वीडियो वायरल हुए थे, जिसमें दावा किया जा रहा था कि वह विक्की के साथ लंदन में छुट्टियां मना रही थीं। वायरल वीडियो के आधार पर कई यूजर्स ने अनुमान लगाना शुरू कर दिया कि वह प्रेग्नेंट हैं और अपने बच्चे को जन्म देने के लिए लंदन गई हैं। हालांकि, कैटरीना की टीम ने इसका तुरंत खंडन कर दिया था। अभिनेत्री को लेकर कई अफवाहें उड़ी उनमें से एक यह भी थी कि वह लंदन में अपने पहले बच्चे को जन्म देने के लिए गई हैं। अब अभिनेत्री की वापसी के साथ सभी अफवाहें खत्म हो गई हैं।



## डिंपल कपाड़िया बोलीं- राजेश खन्ना के अलगाव से ट्विंकल पर पड़ा था असर





बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि जब वह राजेश खन्ना से अलग हुई थीं, तब ट्विंकल खन्ना पर इसका क्या प्रभाव पड़ा था। 1973 में बनी सुपरहिट फिल्म 'बॉबी' डिम्पल कपाडिया और राज कपूर के बेटे ऋषि कपूर की पहली फिल्म थी। यह फिल्म उस साल की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। यह फिल्म डिंपल ने 16 साल की उम्र में की थी। फिल्म बॉबी में डिंपल ने अहम भूमिका निभाई थी। उसी साल यानी मार्च 1973 में उन्होंने राजेश खन्ना से शादी की थी। दोनों की मुलाकात शादी से एक महीने पहले ही हुई थी और उन्होंने शादी करने का फैसला कर लिया था। राजेश से शादी के बाद डिंपल ने अभिनय से संन्यास ले लिया था। उनकी दो बेटियां ट्विंकल खन्ना और रिंकी खन्ना हैं। हालांकि, डिंपल और राजेश 1982 में अलग हो गए। जब डिंपल अभिनेता राजेश से अलग हो गई थीं तब उन्होंने 1984 में फिल्म उद्योग में वापसी की। बॉलीवुड अभिनेत्री डिंपल ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया कि कैसे ट्विंकल खन्ना ने उनके और राजेश खन्ना के अलगाव से खुदको संभाला। 2018 में एक कार्यक्रम के दौरान डिंपल ने अपने और राजेश खन्ने के अलगाव के बारे में बातचीत की थी और कहा, ट्विंकल अलगाव के बारे में बहुत मैच्योर थीं। डिंपल ने यह भी कहा, च्अगर उनके परिवार में कोई मां की तरह (मां जैसे गुणों) है, तो वह ट्विंकल ही है।ज्ज डिंपल ने कहा, च्वह एक अद्भुत बच्ची थी। जब मैं और राजेश अलग हुए थे, तब ट्विंकल सिर्फ सात या आठ साल की थी, जिस तरह की परिपक्वता उसने दिखाई वह सिर्फ मेरा ख्याल रखना चाहती थी, यह देखना चाहती थी कि मैं ठीक हूं या नहीं। मेरे साथ सब कुछ ठीक है या नहीं। वह मेरी दोस्त की तरह थी। फिर वह एक राक्षस मां बन गई और आज वह ऐसी है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार राजेश खन्ने से अलग होने के बावजूद डिंपल ने उन्हें तलाक देने से साफ इनकार कर दिया था। दिवंगत अभिनेता राजेश खन्ना का एक पुराना वीडियो कुछ सालों पहले इंटरनेट पर जमकर वायरल हुआ था, जिसमें राजेश ने अपनी असफल शादी के बारे में बात की थी। जब एक पत्रकार ने राजेश खन्ना से डिंपल के साथ उनकी शादी को लेकर सवाल किया था कि क्या वह अपनी पूर्व पत्नी के साथ वापस आएंगे।

## शाहिद निभाएंगे शिवाजी महाराज का किरदार, औरंगजेब बनेंगे राणा



शरद केलकर और महेश मांजरेकर के बाद अब शाहिद कपूर भी छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाने जा रहे हैं। सुनने में आया है कि एक्टर जल्द ही डायरेक्टर अमित राय की अगली फिल्म में शिवाजी के रोल में नजर आएंगे। शाहिद के अलावा मेकर्स ने इस फिल्म के लिए राणा दग्गुबती को भी अप्रोच किया है। वो इसमें औरंगजेब के किरदार में नजर आ सकते हैं। यह फिल्म दिसंबर 2024 तक फ्लोर पर जा सकती है। इसे साउथ के मशहूर प्रोड्यूसर दिल राजू प्रोड्यूस करेंगे।

### राणा हैं मेकर्स की पहली पसंद

पिंकविला की एक रिपोर्ट की मानें तो फिल्म में औरंगजेब के रोल के राणा डायरेक्टर अमित की पहली पसंद हैं। हालांकि, अभी इस पर फाइनल डिस्कशन होना बाकी है। शाहिद भी इस किरदार के लिए बेहद एक्साइटेड हैं।

### प्री-प्रोडक्शन पर जुटे मेकर्स

फिलहाल मेकर्स फिल्म की स्क्रिप्ट फाइनल करने के साथ-साथ इसके प्री-प्रोडक्शन पर जुटे हुए हैं। दिसंबर तक इसकी शूटिंग शुरू हो सकती है।

### शाहिद ने शुरू की तैयारी

सूत्रों ने यह जानकारी भी दी कि शाहिद इस किरदार के लिए तैयारी शुरू कर चुके हैं। वो इस रोल को लाइफ टाइम अपॉर्च्युनिटी के तौर पर देख रहे हैं।

### शिवाजी महाराज की बायोपिक नहीं होगी

यह फिल्म छत्रपति शिवाजी के जीवन के इर्द-गिर्द बुनी गई है। हालांकि, यह उनकी बायोपिक नहीं होगी। मेकर्स इसमें उनके जेल तो?कर भागने वाले इंसीडेंट पर ज्यादा फोकस रखना चाहते हैं।

# नशे में बच्चों से मारपीट, बच्चे गए थाने तो मवेशी के टपरे में लगाई फांसी


## पत्नी गई हुई थी मायके, पति ने कर ली आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित कजलास गांव में रविवार शाम एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय उसकी पत्नी मायके गई हुई थी, जबकि बच्चे किसान द्वारा मारपीट की शिकायत लेकर थाने पहुंचे थे। पुलिस को मृतक के पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने किसान का शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है।

पुलिस के अनुसार सुनेर सिंह पिता कमल मेवाड़ा (50) गांव कजलास, थाना खजूरी सड़क में रहता था। उसकी गांव में दो एकड़ कृषि योग्य भूमि है। वह खेती किसानी करता था। परिवार में उसकी पत्नी के अलावा बीस साल की बेटी और 12 साल का बेटा है। बच्चों ने बताया कि मां बिलकिसगंज नानी के घर गई हुई है। रविवार शाम पिता सुनेर सिंह शराब के नशे में घर पहुंचे थे और गालीगलौज करते हुए उनसे मारपीट कर रहे थे। आए दिन मारपीट से परेशान होकर वह रविवार शाम पिता की शिकायत खजूरी सड़क थाने पहुंचे थे। थाने से करीब 9 बजे के आसपास घर लौटे तो पिता नजर नहीं आए। उन्होंने घर के बगल में बना मवेशी का टपरा देखा तो पिता टपरे में फांसी के फंदे पर लटके नजर आए। इसके बाद बच्चों ने पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है। गांव के लोगों ने पुलिस को बताया कि सुनेर सिंह शराबी था और उससे परिजन ही नहीं, बल्कि गांव के लोग भी परेशान थे। वह अक्सर नशे में लोगों से गालीगलौज करताड़था।

### बकानिया फाटक रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

इसी थाना क्षेत्र में बकानिया रेलवे फाटक से पुलिस ने रविवार रात करीब साड़े दस बजे आरपीएफ की सूचना पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद किया है। युवक के सिर पर गंभीर चोट है और लाश रेलवे ट्रैक की बगल में गिट्टी पर पड़ी मिलने से अनुमान हैड़कि वह चलती ट्रेन से गिरा होगा। उसकी उम्र करीब चालीस साल के आसपास बताई जा रही है। वह नीले रंग की टीशर्ट और काला पेंट पहने हुए है। पुलिस ने मृतक का हुलिया आसपास के थाना क्षेत्र में भेज दिया है। पुलिस उसकी शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।



### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

बजरिया थाना क्षेत्र स्थित कृष्णा नगर में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार कमल यादव (38) कृष्णा नगर बजरिया में रहता था। करीब तीन महीने पहले तक वह एक नारियल की दुकान पर काम करता था, लेकिन उसके बाद से बेरोजगार था। दो दिन पहले पत्नी बच्चे को लेकर कोहेफिजा स्थित अपने मायके गई। घर पर कमल और उसकी मां थी। शनिवार रात कमल खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया था। रविवार सुबह मां उसे उसके कमरे में पहुंची तो वह फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला। पुलिस का अनुमान है कि बेरोजगारी के कारण उसने फांसी लगाई है। पुलिस परिजन के बयान दर्ज करेगी। इसके बाद ही आत्महत्या के सही कारण स्पष्ट हो सकेंगे।

### मां की साड़ी से बेटे ने लगाई फांसी



बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित मिल्क मोहल्ला वार्ड नंबर 7 में रविवार शाम एक युवक ने मां की साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार अर्जुन प्रजापति पिता रमेश प्रजापति (20) मिल्क मोहल्ला, वार्ड नंबर 7, बैरसिया में रहता था। वह ईंट बनाने का कारोबार करताड़था। मृतक के बड़े भाई अभिषेक ने पुलिस को बताया कि रविवार को परिवार के सभी लोग खेत पर थे और ईंट भट्टे पर काम चल रहा था। खेत से शाम करीब सात बजे के आसपास अर्जुन निकलाड़था। वह कहकर गया था कि घर जा रहा हूं नहाना है। इसके बाद वह घर पहुंचा और नहाने के बाद उसने मां की साड़ी से कमरे में फांसी लगा ली। बड़ा भाई अभिषेक कुछ देर बाद घर पहुंचा तो घर का दरवाजा अंदर से बंदड़था। अभिषेक ने अर्जुन को कॉल किया, लेकिन अर्जुन कॉल रिसीव नहीं कर रहा था। लिहाजा अभिषेक घर की बाउंड्री से कूदकर अंदर पहुंचा और दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचा। इस दौरान उसने देखा तो अर्जुन साड़ी के फंदे से फांसी लगा चुका था।

### शराब पीने का आदी युवक फंदे पर झूला

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सरस्वती नगर में रविवार सुबह एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि संजय सिंह पिता रामाश्रय सिंह (32) सरस्वती नगर टीटी नगर में रहता था और प्राइवेट काम करता था। वह शराब पीने का आदी था। उसके छोटे भाई की कुछ समय पहले शादी हुई है। उसने घर के सामने ही एक क्वार्टर में कुछ सामान शिफ्ट कर लिया था। संजय उसी क्वार्टर में शनिवार रात पहुंचा और फांसी लगा ली। रविवार सुबह परिजन ने उसकी लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि संजय शराब पीने का आदी था।

## चैकिंग के दौरान पकड़ी चोरी की बाइक

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



ट्रैफिक पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक बाइक चालक को रोका. पूछताछ करने पर सटीक जवाब नहीं मिला तो पीओएस मशीन से रजिस्ट्रेशन नंबर सर्च किया. इस दौरान पता चला कि उक्त बाइक चोरी की है, जिसकी रिपोर्ट मिसरोद थाने में दर्ज है. पुलिस ने बाइक उसके साथ मिले युवक को मिसरोद पुलिस के हवाले कर दिया है. जानकारी के अनुसार एएसआई गजेंद्र सिंह बाथम अपने स्टाफ आरक्षक राजकुमार, अरविंद सिंह, सूरज, योगेश और महिला आरक्षक प्रतिभा सिंह के साथ रेलवे स्टेशन के पास अल्पना तिराहे पर वाहनों की चैकिंग कर रहे थे. इस दौरान ड्यूक बाइक पर सवार एक युवक को पुलिस ने रोका. कागजात मांगने पर युवक बहाने बनाने लगा तो पुलिस ने पीओएस मशीन से रजिस्ट्रेशन नंबर सर्च किया. सर्चिंग के दौरान पता चला कि उक्त बाइक की चोरी की रिपोर्ट मिसरोद थाने में पहले से दर्ज है. उसके बाद युवक और उसके पास मिली बाइक को मिसरोद पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया. मिसरोद पुलिस पकड़े गए युवक से वाहन चोरी की अन्य घटनाओं को लेकर पूछताछ कर रही है।

## ऐशबाग में एक साथ तीन दोपहिया वाहन चोरी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में दोपहिया वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बदमाश विभिन्न इलाकों से 9 दोपहिया वाहन चोरी कर ले गए। इनमें ऐशबाग से एक साथ तीन दोपहिया वाहन चोरी हुए हैं। पुलिस के मुताबिक साई गार्डन से प्रवीण पाठक, न्यू सुभाष नगर से प्रवीण और ऐशबाग से अजय साहू की बाइक चोरी हो गई। इसी प्रकार बरखेड़ी जहांगीराबाद से राजकुमार कुशवाह, मानसरोवर काम्पलेक्स से गोविंद कुमार, मिनाल रेसीडेंसी अयोध्या नगर से अमन बैरागी, मिसरोद स्थित भोजपुर रोड से अमन कनौजिया, कोलार रोड स्थित जेके अस्पताल की पार्किंग से दीपक राजपूत और छोला रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने से नर्मदा प्रसाद की बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने सभी मामलों में अज्ञात वाहन चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## पत्नी को तीन तलाक कहकर घर से किया बेदखल, मामला दर्ज

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**




शाहजहांनाबाद पुलिस ने एक महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ गालीगलौज, जान से मारने की धमकी देने सहित मुस्लिम विवाह संरक्षण अधिनियम की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार 31 साल की महिला ओल्ड सिविल लाइन कोर्ट के पास शाहजहांनाबाद में रहती हैं और गृहणी है। उसकी शादी भोपाल में रहने वाले इनामुरहमान से हुई थी। दोनों के बच्चे भी हैं। पति पत्नी में कुछ वर्षों से विवाद चल रहा है। पत्नी द्वारा ससुराल पक्ष पर किसी के खिलाफ छेड़छाड़ और दहेज प्रताड़ना की भी शिकायत की गई थी। इसके बाद से ही पीड़िता मायके में रह रही थी। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि वह पति के पास पुराने प्रकरण की बात करने के लिए पहुंची थी। इसी दौरान पति ने उससे गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और तीन बार तलाक कहकर उसे बाहर निकाल दिया।

## शासकीय स्कूल के शिक्षक ने जहर खाकर दी जान




**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

नजीराबाद थाना क्षेत्र स्थित गांव परसोरा में शासकीय स्कूल के शिक्षक ने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा ली। परिजन उसे इलाज के लिए भोपाल के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान शिक्षक की मौत हो गई। प्रारंभिक पूछताछ में आत्महत्या की वजह साफ नहीं हो सकी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए भेज दिया है। आज पीएम के बाद परिजन के बयान दर्ज किए जाएगे। पुलिस के अनुसार मोहर सिंह पिता गुड्डुलाल परसोरा में रहते थे और शासकीय स्कूल में शिक्षक थे। रविवार शाम उन्होंने गेहूं में रखने वाली जहरीली गोली खा लीड़थी। परिजन उन्हें पास ही स्थित निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां स्थिति बिगड़ती देख उन्हें भोपाल के बड़े अस्पताल रेफर कर दिया गया। भोपाल पहुंचने पर कुछ देर इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

## बेहोशी की हालत में मिला युवक, मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

निशातपुरा क्षेत्र के लाबाखेड़ा में रहने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। निशातपुरा पुलिस ने बताया कि अशोक 23 साल थाना क्षेत्र के लाबाखेड़ा में रहता था। परिजन 6 जून को उसे बेहोशी की हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

## सड़क हादसे में घायल बैंककर्मी की मौत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सिविल अस्पताल के पास बाइक डिवाइडर से टकराने से घायल हुए बैंककर्मी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसा गत 28 मई की रात करीब 11 बजे को हुआ था। हादसे के समय वह अपने साथी के साथ सीहोर जाने के लिए निकले थे, तभी सिविल अस्पताल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा घुसी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मयंक सोनी पिता नाथूराम सोनी (26) स्वामी विवेकानंद कॉलोनी, इंग्लिशपुरा, सीहोर में रहते थे। वे सीहोर में ही एक निजी बैंक में नौकरी करते थे। गत 28 मई को वह अपने दोस्त के साथ भोपाल आए थे। रात करीब 11 बजे दोनों दोस्त बाइक से सीहोर लौट रहे थे, तभी सिविल अस्पताल के पास बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इस हादसे में उन्हें सिर में गंभीर चोट आई थी और उनका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान शनिवार रात मयंक की मौत हो गई। हादसे में उनके दोस्त को मामूली चोट थी और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई थी।




**मेट्रो एंकर** | खजूरी सड़क स्थित भोपाल-सीहोर हाइवे पर आंखों में मिर्च झोंक की थी लूट

## पंप मैनेजर से लूट का मामला, हिरासत में संदिग्ध, पुलिस कर रही पूछताछ, जल्द हो सकता है खुलासा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** खजूरी सड़क थाना क्षेत्र स्थित भोपाल-सीहोर हाइवे पर भारत पेट्रोल पंप के मैनेजर की आंखों में मिर्च झोंककर तीन लाख अस्सी हजार रुपए की लूट करने वाले लुटेरों की पहचान कर ली गई है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने दावा किया है कि जल्द ही लुटेरों से सनसनीखेज लूट का खुलासा कर लिया जाएगा।



पुलिस के अनुसार मनोज भावसार (52) कैलाश नगर बैरागढ़ में रहते हैं। वे भोपाल-सीहोर हाइवे स्थित कैम्पियन स्कूल के पास भारत पेट्रोलियम में काम करते हैं। गुरुवार दोपहर करीब सवा दो बजे उन्होंने पेट्रोल की सेल का कलेक्शन का तीन अस्सी हजार रुपए रुपए बैग में रखा और बैंक जाने के लिए निकल गए। उन्हें लालघाटी स्थित बैंक जाना था। पंप से करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर मुख्य सड़क पर उन्हें एक युवक ने रुकने के लिए हाथ दिया। उन्होंने बाइक की रफ्तार कम तो युवक ने उनकी बाइक पकड़ ली। चलती बाइक पकड़ने के कारण बाइक अनियंत्रित हो गई। इसी बीच दो अन्य युवक आए और उन्होंने मनोज की आंखों पर मिर्च झोंक दी। इसके बाद गले में लटका बैग छीनकर झाड़ियों की तरफ भाग निकले थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022